

युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की आज जयंती है। इस शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 33 दिनांक: 13-01-2022 गुरूवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M



इसरो ने बुधवार को अपने गगनयान कार्यक्रम के लिए क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया। तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो के प्रोपल्शन काम्प्लेक्स में 720 सेकंड की अवधि के लिए इस इंजन का परीक्षण किया गया। पढ़ें

## यूपी, दिल्ली समेत 8 राज्य चिंता की वजह कोरोना के एक्टिव मामले 9 लाख के पार: स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली (ईएमएस)। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की वजह से भारत महामारी की तीसरी लहर से जूझ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, केरल और गुजरात चिंता के उभरते हुए राज्य हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बुधवार को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत में कोविड मामलों में तेज उछाल देखेने को मिल रही है। 12 जनवरी को सक्रिय मामले 9,55,319 हैं। आपको बता दें कि यूरोप के आठ देशों में पिछले दो सप्ताह में 2 गुना से अधिक मामलों की वृद्धि दर्ज की गई है। लव अग्रवाल ने इस दौरान कहा, ''डब्ल्यूएचओ के अनुसार डेल्टा की तुलना में ओमिक्रॉन का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका, यूके, कनाडा, डेनमार्क जैसे देशों में डेल्टा की तुलना में ओमिक्रॉन के मामले में अस्पतालों में भर्ती होने के जोखिम कम है।'' उन्होंने कहा कि नए वैरिएंट की वजह से दुनिया में अब तक 115 लोगों की मौत हुई है। भारत में एक मरीज की जान इससे गई है। लव अग्रवाल ने बताया कि महाराष्ट्र में 22.39इ की दर से पॉजिटिव मामले सामने आ रहे हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में यह 32.18, दिल्ली में 23.1 और यूपी 4.47 है।

पिछले 24 घंटों में कोरोना का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 1,33,873 की वृद्धि हुई है। मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 11.05 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 9.82 प्रतिशत है। बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या 3,46,30,536 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत दर्ज की गई है। टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक वैक्सीन की 153.80 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं। राज्यों के पास अभी भी 16.50 करोड़ अप्रयुक्त वैक्सीन उपलब्ध हैं। महाराष्ट्र में 481 रेजिडेंट डाक्टर कोरोना जांच में पाजिटिवि पाए गए हैं। महाराष्ट्र एसोसिएशन आफ रेजिडेंट डाक्टर्स के अध्यक्ष डा.अविनाश दहिफले ने यह जानकारी दी।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद योगी सरकार के एक और मंत्री दारा सिंह चौहान ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले योगी सरकार को एक और झटका लगा है। स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद बीजेपी सरकार के एक और मंत्री दारा सिंह चौहान ने इस्तीफा दे दिया है। वह भी स्वामी की तरह ओबीसी समुदाय से आते हैं। वन और जन्तु उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान ने राज्यपाल को भेजे लेटर में लिखा है, ''मैंने पूरे मनोयोग से अपने विभाग की बेहतरी के लिए काम किया, लेकिन योगी सरकार की पिछड़ों, वंचितों, दलितों, किसानों और बेरोजगार नौजवानों की घोर उपेक्षात्मक रवैये के साथ-साथ पिछड़ों और दलितों के आरक्षण के साथ जो खिलवाड़ हो रहा है, उससे आहत होकर मैं उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे रहा हूं। स्वामी प्रसाद मौर्य की तरह दारा सिंह चौहान भी बीजेपी में आने से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता था। 2015 में वह बसपा का साथ छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए थे। तीन के बार के सांसद को तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने बीजेपी की सदस्यता दिलाई थई। चौहान को ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष भी बनाया गया। मधुबन विधानसभा सीट से जीतने के बाद उन्हें योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया।

## आज के युवा 'कर सकता हूं' भावना से ओतप्रोत है, जो हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है: पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पुदुचेरी में 25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। आज स्वामी विवेकानंद की जन्मजयंती है, इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने ठमेरे सपनों का भारतठ और ठभारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायकठ पर चयनित निबंधों का अनावरण किया। इन निबंधों को उक्त दो विषयों पर 1 लाख से अधिक युवाओं द्वारा प्रस्तुत लेखों से चुना गया है। प्रधानमंत्री ने पुदुचेरी में एमएसएमई मंत्रालय के एक प्रौद्योगिकी केंद्र का भी उद्घाटन किया, जिसे लगभग 122 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित किया गया है। प्रधानमंत्री ने लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से पुदुचेरी सरकार द्वारा निर्मित ओपन-एयर थिएटर सभागार-पेरुन्थालाइवर कामराजर मणिमंडपम का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं। स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के इस वर्ष में उनकी जन्मजयंती और अधिक प्रेरणादायी हो गई है। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के अतिरिक्त महत्व को रेखांकित किया क्योंकि श्री अरबिंदो की 150वीं जन्मजयंती का उत्सव और महाकवि सुब्रमण्यम भारती की 100वीं पुण्यतिथि भी इसी वर्ष पड़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''इन दोनों मनीषियों का पुदुचेरी से खास रिश्ता रहा है। ये दोनों एक-दूसरे की साहित्यिक और आध्यात्मिक यात्रा के साझेदार रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को एक आशा और विश्वास की दृष्टि से देखती है। क्योंकि भारत का जन भी युवा है और भारत का मन भी युवा है। भारत अपने सामर्थ्य से भी युवा है और अपने सपनों से भी युवा है। भारत अपने चिंतन से भी युवा है और अपनी चेतना से भी युवा है। उन्होंने कहा कि भारत की सोच एवं दर्शन ने हमेशा बदलाव को स्वीकार किया है और इसकी प्राचीनता में आधुनिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा हमेशा जरूरत के समय आगे आए हैं। जब भी राष्ट्रीय चेतना में विभाजन होता है, शंकर जैसे युवा सामने आते हैं और आदि शंकराचार्य के रूप में देश को एकता के सूत्र में पिरोते हैं। अत्याचार के काल में गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे जैसे युवाओं के बलिदान आज भी हमारा मार्गदर्शन करते हैं। जब भारत को अपनी आजादी के लिए बलिदान की जरूरत थी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और नेताजी सुभाष जैसे युवा क्रांतिकारी देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने के लिए आगे आए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कभी देश को आध्यात्मिक उत्थान की जरूरत होती है, अरबिंदो और सुब्रमण्यम भारती जैसे मनीषी सामने आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के युवा वैश्विक समृद्धि की गाथा लिख रहे हैं। पूरी दुनिया के यूनिकॉर्न इकोसिस्टम में भारतीय युवाओं का जलवा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के युवा 'कर सकता हूं'भावना से ओतप्रोत है, जो हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। अनुराग ठाकुर ने आज अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर युवाओं को संबोधित करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। श्री ठाकुर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हम सभी के लिए प्रेरणा के महान स्त्रोत हैं जिनकी जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। खेल मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के जीवन से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत के संदेश एवं दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया और दुनिया में देश की छवि को मजबूत किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जहां हमारा देश हमारे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है, वहीं देश के युवा भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश को एक नई दिशा देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि वर्तमान समय में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, ऐसे समय में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश की आजादी के लिए लाखों युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे में देश के युवाओं को स्वतंत्रता के 100 वें वर्ष के अवसर तक देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

## आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो, 10 प्वाइंट एजेंडे पर काम कर एक नया, खुशहाल और तरक्की वाला पंजाब बनाएंगे :अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली/पंजाब (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज पंजाब की तरक्की के लिए 10 प्वाइंट एजेंडे का पंजाब मॉडल प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारी सरकार बनी तो, इन 10 प्वाइंट एजेंडे पर काम कर एक नया, खुशहाल और विकास वाला पंजाब बनाएंगे। हम रोजगार के इतने सारे अवसर पैदा करेंगे कि पांच साल के अंदर कनाडा गए बच्चे पंजाब वापस आना शुरू कर देंगे। 'आप' की सरकार नशा माफिया को खत्म कर पंजाब को नशा मुक्त बनाएगी। बेअदबी के सभी मामलों के आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलवाएंगे और पंजाब में शांति व भाईचारा कायम करेंगे। दिल्ली की तरह भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब बनाएंगे। पंजाब की शिक्षा व्यवस्था को शानदार करेंगे, शानदार सरकारी अस्पताल बनाएंगे और 16 हजार मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे, जहां हर पंजाबी का मुफ्त इलाज होगा। 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 1966 से लेकर आज तक 25 साल कांग्रेस और 19 साल बादल परिवार ने पंजाब में पार्टनरशिप में राज किया। अब लोग कांग्रेस और बादल परिवार की पार्टरनशिप की सरकार को उखाड़कर एक मौका आम आदमी पार्टी को देने का मन बना चुके हैं।

-इस बार पंजाब के लोगों ने कांग्रेस और बादल परिवार की पार्टनरशिप की सरकार को खत्म करने का मन बना लिया है : अरविंद केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज पंजाब के मोहाली क्लब में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पंजाब में चुनाव का एलान हो गया है। लोग बहुत खुश हैं कि अब उनको बदलाव करने का मौका मिलेगा। 1966 में पंजाब अलग सूबा बना था। तब से लेकर आज तक 25 साल तक कांग्रेस ने पंजाब पर राज किया और 19 साल तक बादल परिवार ने पंजाब पर राज किया। इन दोनों एक तरह से पार्टनशिप में राज किया। 1966 से आज तक इन दोनों की पार्टनरशिप की सरकारें थीं। चाहे बादल परिवार की सरकार आए या फिर कांग्रेस की सरकार आए। गठजोड़ में इन्होंने सरकारें चलाई। जिसकी भी सरकार आती थी, वो एक-दूसरे के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेते थे। दोनों लूटते थे और मिल बांट कर खाते थे। इस बार लोगों ने मन बनाया है कि इसे खत्म करना है। अब बहुत हो गया। इस पार्टनरशिप की सरकार को खत्म करके आम लोगों की सरकार बनानी है, आम आदमी की सरकार बनानी है, आम पंजाबी की सरकार बनानी है। पंजाब के लोग इन दोनों को उखाड़कर एक मौका आम आदमी पार्टी को देने का मन बना चुके हैं।

## प्रधानमंत्री आज सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से करेंगे बैठक, कोविड-19 स्थितियों पर होगा मंथन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम 4:30 बजे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कोविड-19 के चलते पैदा हुई नई परिस्थितियों पर वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करेंगे। तेजी से फैलती कोरोना महामारी की तीसरी लहर के बीच अभी बीते रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक की थी और महामारी से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया था।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के 11 सरकारी मेडिकल कालेजों का उद्घाटन करते हुए कहा कि आने वाला समय उसी समाज का होगा, जो स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की महामारी ने स्वास्थ्य क्षेत्र के महत्व को फिर से रेखांकित किया है।

मेडिकल कालेजों के वर्चुअल तरीके से उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में काफी सुधार किए हैं। महामारी से सीख लेते हुए, हम सभी देशवासियों के लिए समावेशी और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने का काम कर रहे हैं।' इन 11 कालेजों में मेडिकल की कुल 1,450 सीटें होंगी।

पीएम मोदी ने कहा कि देश का कोविड टीकाकरण अभियान उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। पीएम ने 15-18 साल के किशोरों के टीकाकरण और बूस्टर डोज अभियान का भी जिक्र किया। उन्होंने गरीबों को गुणवत्तायुक्त और किफायती स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना को धन्यवाद दिया।

पिछली बैठक में प्रधानमंत्री ने जिला स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे को तैयार करने का निर्देश दिया था। साथ ही किशोरों के साथ-साथ सोमवार से शुरू हो रहे फ्रंटलाइन वर्कर, स्वास्थ्यकर्मी और 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को सतर्कता डोज लगाने के अभियान को मिशन मोड पर पूरा करने को कहा था। इसी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि राज्यों में हालात की समीक्षा के लिए जल्द ही मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई जाएगी।

## 'आप' का अभियान और एजेंडा पंजाब के लोगों पर एक मजाक है - नवजोत सिंह सिद्धू

चंडीगढ़ (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के शासन के 'पंजाब मॉडल' पर तंज़ कसते हुए राज्य कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने केजरीवाल को 'राजनीतिक पर्यटक' बताकर उनके मॉडल को 'नकल का मॉडल' करार दिया। सिद्धू ने ट्वीट किया, ''राजनीतिक पर्यटक अरविंद केजरीवाल जो पिछले साढ़े चार सालों से पंजाब में अनुपस्थित थे, पंजाब मॉडल रखने का दावा करते हैं। 'आप' का अभियान और एजेंडा पंजाब के लोगों पर एक मजाक है। पंजाब का शून्य ज्ञान रखने वाले दिल्ली में बैठे लोगों द्वारा तैयार 10 सूत्री सूची कभी पंजाब मॉडल नहीं हो सकती!''

केजरीवाल के पंजाब मॉडल को नकल किया हुआ मॉडल (कॉपी-कैट मॉडल) करार देने के अलावा सिद्धू ने इसे और भी कई नाम दिए। सिद्धू ने इसे 'मैं बहुत असुरक्षित मॉडल', 'शराब माफिया मॉडल', 'टिकट फॉर मनी मॉडल', 'मैं हूं मॉडल', 'मुझे बहुत खेद है मजीठिया जीः कायरतापूर्ण मॉडल', 'राइटिंग फ्री चेक मॉडल', 'इलेक्ट्रिसिटी टू अंबानी मॉडल' और '450 जॉब्स इन फाइव ईयर मॉडल' करार दिया। सिद्धू ने कहा कि पंजाब का पुनरुत्थान एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि तीन करोड़ पंजाबियों का जीवन इस पर निर्भर है।

सिद्धू ने अपने ट्वीट में कहा, ''पंजाब के लोग इन खोखले और गैर-गंभीर एजेंडे के झांसे में नहीं आएंगे। एक वास्तविक रोडमैप की जरूरत है जो संसाधनों को 'माफिया की जेब' से निकालकर वापस 'पंजाब के लोगों' के तक पहुंचा दे।''

इससे पहले दिन में चुनाव के बाद राज्य में शासन करने के अपनी पार्टी के 'पंजाब मॉडल' का अनावरण करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बेअदबी के मामलों में न्याय, युवाओं को नौकरी, भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वादा किया। केजरीवाल ने कहा कि बादल और कांग्रेस के बीच मैत्रीपूर्ण 'साझेदारी' को तोड़ने के लिए लोग उनकी पार्टी को सत्ता में लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब मॉडल में 10 सूत्रीय एजेंडा होगा जिसमें लोगों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देना और मादक पदार्थों के खतरे को नियंत्रित करना शामिल है।

## सोमनाथ बने भारतीय अंतिरक्ष अनुसंधान संस्थान के चेयरमैन

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने वरिष्ठ रॉकेट वैज्ञानिक एस सोमनाथ को भारतीय अंतिरक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का चेयरमैन नियुक्त किया है । अब इसरो में वे के सिवन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल इसी हफ्ते शुक्रवार को खत्म हो रहा है। सोमनाथ को भारत के सबसे ताकतवर स्पेस रॉकेट जीएसएलवी एमके-3 लॉन्चर के विकास कार्य का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिकों में गिना जाता है। अपने करियर की शुरुआत में उन्होंने पोलर सैटेलाइट लॉन्चिंग व्हीकल (पीएसएलवी) के विकास कार्यों में भी अहम भूमिका निभाई थी।

केंद्र सरकार ने सोमनाथ को अंतरिक्ष विभाग का सचिव और अंतरिक्ष आयोग (स्पेस कमीशन) के अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। इससे पहले वे 22 जनवरी 2018 से लेकर अब तक विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक का पद संभाल रहे थे।

केंद्र सरकार ने सोमनाथ को अंतरिक्ष विभाग का सचिव और अंतरिक्ष आयोग (स्पेस कमीशन) के अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। इससे पहले वे 22 जनवरी 2018 से लेकर अब तक विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक का पद संभाल रहे थे।

एस सोमनाथ उच्च-दाब वाले सेमी-क्रायोजेनिक इंजन के विकास कार्यों का भी हिस्सा रह चुके हैं। चंद्रयान-2 के लैंडर के इंजन को विकसित करने और जीसैट-9 में लगे इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम की उड़ान को सफल बनाना भी उनकी उपलब्धियों में शामिल रहा है। सोमनाथ लॉन्च व्हीकल के ढाचांगत प्रणालियों के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने सैटेलाइट लॉन्चिंग के लिए दुनियाभर में पसंद किए जाने वाले पीएसएलवी के इंटिग्रेशन डिजाइन को तैयार करने में अहम योगदान दिया है।

## दो महीने पहले ही मैंने बता दिया था कि डेढ़ दर्जन मंत्री बीजेपी से इस्तीफा देकर सपा का दामन थामेंगे - राजभर

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा है कि दो महीने पहले ही मैंने बता दिया था कि करीब डेढ़ दर्जन मंत्री बीजेपी से इस्तीफा देकर समाजवादी का दामन थामेंगे, मैं दो महीने से बता रहा हूं। इसको लेकर सारी चीजें तय हो चुकी हैं।

राजभर ने एक समाचार चैनल से कहा, '14 तारीख तक आप देखिएगा कि कितने लोग राज्यपाल के पास इस्तीफा देने के लिए जाते हैं। उसके बाद 20 तारीख तक डेढ़ दर्जन मंत्री अपने पद से इस्तीफा देंगे।ठ उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि, 'वो किस पार्टी से जुड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने 14 तारीख तय किया है। उनकी कोशिश है कि वो अकेले नहीं, कई लोगों के साथ मिलकर समाजवादी पार्टी से जुड़ेंगे।'

## स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया है। उन्हें 24 जनवरी को अदालत में पेश होना होगा अन्यथा उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बयान दिया था कि किसी को भी पूजा नहीं करनी चाहिए। इस पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में उन पर केस दर्ज कराया गया था। साल पुराने मामले में उनके खिलाफ इस समय गिरफ्तारी वॉरंट जारी होने को लेकर सवाल भी उठाए जा सकते हैं। यही नहीं चुनाव से ऐन पहले ऐसा होने को वह अपने पक्ष में भी भुना सकते हैं। 2014 में उन्होंने एक विवादित बयान दिया था, जिसमें कहा था कि किसी को भी पूजा नहीं करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले में स्वामी प्रसाद मौर्य को आज अदालत में पेश होना था। लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुए तो फिर उनके खिलाफ यह वारंट जारी किया गया। हालांकि वारंट की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ सकते हैं क्योंकि मंगलवार को ही उन्होंने यूपी सरकार की कैबिनेट से इस्तीफा दिया था। उनका कहना था कि दलितों और पिछड़ों की सरकार में उपेक्षा होने के चलते मैं पद से इस्तीफा दे रहा हूं। यही नहीं स्वामी प्रसाद मौर्य ने 14 जनवरी को समाजवादी पार्टी से जुड़ने का ऐलान किया है। उनके अलावा एक और मंत्री दारा सिंह चौहान ने भी आज योगी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। वह भी अखिलेश यादव से मिले हैं। दारा सिंह चौहान भी स्वामी प्रसाद के ही करीबी नेता हैं। दोनों नेता एक ही जिले कुशीनगर से चुनाव लड़ते रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या कुशीनगर की पडरौना सीट से विधायक हैं, जबकि दारा सिंह चौहान भी इसी जिले से विधायक हैं।

## पीएम की सुरक्षा में चूक पर सुप्रीम कोर्ट की सरकारों को नसीहत

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान हुई सुरक्षा में चूक मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य की सरकार को नसीहत भी दी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के बीच वाकयुद्ध से कोई समाधान नहीं निकलेगा। यह ऐसे अहम समय में प्रतिक्रिया देने के लिए एक मजबूत तंत्र की जरूरतों को कम कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पीएम की सुरक्षा में हुई चूक मामले की शीर्ष अदालत की पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की है।

## केंद्र का राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आदेश, मेडिकल ऑक्सीजन का पर्याप्त बफर स्टॉक रखे

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में कोरोना मामलों में खासा इजाफा दिख रहा हैं, केंद्र ने बुधवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर उन्हें संबंधित विभागों को कम से कम 48 घंटे के लिए मेडिकल ऑक्सीजन का पर्याप्त अतिरिक्त भंडार (बफर स्टॉक) सुनिश्चित करने और ऑक्सीजन नियंत्रण कक्षों को फिर से मजबूत करने का निर्देश देने का आग्रह किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उभरता परिदृश्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सीय ऑक्सीजन की इष्टतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से तत्काल उपाय करने की मांग करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि ऑक्सीजन थैरेपी सेवाएं प्रदान करने वाले निजी स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन किया जा सकता है और उनकी चिकित्सीय ऑक्सीजन अवसंरचना क्षमताओं का पता लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने सलाह दी कि मांग के चरम पर रहने के दौरान निजी क्षेत्र की क्षमता का लाभ लेने के लिए एक संभावित रणनीति एवं तंत्र विकसित किया जा सकता है।

## भाजपा को मेरा शुक्रगुजार होना चाहिए कि मैंने पार्टी के 14 साल के वनवास को खत्म किया - स्वामी प्रसाद मौर्य

नई दिल्ली (ईएमएस)। भाजपा छोड़ने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया है कि पिछड़े वर्ग की समस्याओं को भाजपा ने अनसुना किया और पार्टी ने मुझे मंत्री बनाकर उपकार नहीं किया था। मौर्य ने यह भी कहा कि भाजपा को उनका शुक्रगुजार होना चाहिए कि उन्होंने 2017 की विजय के साथ पार्टी के 14 साल के वनवास को खत्म किया। स्वामी प्रसाद ने वर्ष 2016 में बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर बीजेपी ज्वॉइन की थी।

ऐसा माना जा रहा है कि मौर्य के साथ कम से कम चार विधायक अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुडेंगे। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने एक समाचार चैनल से कहा, 'कहां आने वाले हैं, कहां आने वाले हैं....सब कुछ 14 जनवरी को स्पष्ट हो जाएगा। ' पांच बार विधायक रहे मौर्य ने कहा, 'देखिए, जब मैंने बीएसपी छोड़ी तब यह यूपी की नंबर वन पार्टी थी, अब कहीं नहीं है। जब मैंने बीजेपी ज्वॉइन की तो यह 14 साल के बनवास से निकली और राज्य में बहुमत की सरकार बनाई।' उन्होंने कहा कि मेरे बीएसपी छोड़ने के बाद यह पार्टी धराशायी हो गई और मेरी वजह से यूपी में बीजेपी की लोकप्रियता बढ़ी। उन्होंने मंत्री बनाकर मुझ पर अहसान नहीं किया। बीजेपी के लिए उलटी गिनती शुरू हो गई है। मंत्री पद छोड़ने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने इससे पहले कहा था, 'मेरे जाने से बीजेपी में भूचाल आ गया है। केशव प्रसाद मौर्य जी को मुझे मनाने की ज़िम्मेदारी दी गई है। केशव मेरे छोटे भाई हैं, पर 5 साल से वो भी बेचारे ही हैं। मेरे साथ अभी मंत्री भी आएंगे और विधायक भी।'

## योगी आदित्यनाथ को अयोध्या में उतारने पर विचार कर रही है भाजपा

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में नेताओं की भगदड़ के बीच भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ को अयोध्या में उतारने पर विचार कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी इस प्रस्ताव पर अंतिम सहमति देंगे। सूत्र बताते हैं कि इस संभावना पर बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक में चर्चा हुई। माना जा रहा है कि बीजेपी कोर ग्रुप इसके लिए तैयार है, बैठक में सीएम योगी भी शामिल थे। चुनाव समिति की बैठक में इस बारे में अंतिम फ़ैसला होगा जिसमें पीएम मोदी भी मौजूद रहेंगे। योगी को अयोध्या से लड़ाने पर पीएम मोदी ही अंतिम फैसला लेंगे। चुनाव समिति की बैठक इसी सप्ताह हो सकती है। गौरतलब है कि एक भाजपा सांसद ने मथुरा से चुनावी मैदान में उतारने की मांग की थी।

## मुंबई में कोरोना ने फिर मारी छलांग, मिले 16 हजार से अधिक मामले

मुंबई, (ईएमएस)। मुंबई में एक बार फिर कोरोना के मामलों ने रफ्तार पकड़ ली है. मंगलवार को मुंबई में जहां 11,647 नए मामले पाए गए थे, वहीं बुधवार को यह संख्या 16,420 पहुंच गई है जो कल के मुकाबले 4,773 केस यानी 40 फीसदी ज्यादा है. वहीं पॉजिटिविटी रेट 24.38 फीसदी है. इस समयावधि में 14,649 लोग ठीक हुए हैं जिसके बाद कोविड से उबरे मरीजों की संख्या 8,34,962 हो गई है. वहीं 7 लोगों की मौत के बाद कुल मृतकों की संख्या 16,420 हो गई है. मनपा के अधिकारियों ने कहा कि अब पॉजिटिविटी रेट में वृद्धि होगी क्योंकि केंद्र ने अब राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को केवल सिम्प्टमैटिक रोगियों का परीक्षण करने के लिए कहा है. चूंकि अधिकांश रोगियों के सिम्प्टमैटिक होने की आशंका है ऐसे में पॉजिटिविटी रेट बढ़ेगा. मनपा द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार बुधवार को मनपा क्षेत्र में 67,339 टेस्ट किए गए. मुंबई में फिलहाल 1,02,282 एक्टिव केस हैं और मामले 36 दिन में डबल हो रहे हैं.

## कार्टून कोना




## साउथ अफ्रीका की पारी 210 रन पर सिमटी, भारत के भी दो विकेट गिरे

केपटाउन (ईएमएस)। केपटाउन में टेस्ट सीरीज के आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने अपनी दूसरी पारी में 17 ओवर में 2 विकेट पर 57 रन बना लिए हैं। कोहली 39 गेंद पर 14 वहीं पुजारा ने 31 गेंद पर 9 रन बनाकर नाबाद हैं। जेनसेन और रबाडा को अबतक 1-1 विकेट मिला है। इससे पहले साउथ अफ्रीका की पारी 210 रन पर आउट हो गई। भारत ने साउथ अफ्रीका पर 13 रन की बढ़त बनाई है। भारत की ओर से बुमराह ने 5 और शमी, यादव ने 2-2 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका की ओर से सबसे ज्यादा रन पीटरसन ने बनाए। पीटरसन ने 72 रन की पारी खेली।

इससे पहले भारत की पहली पारी 223 रन पर सिमट गई थी। भारत की ओर से कोहली ने 79 रन बनाए थे। साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने शानदार खेल दिखाया था, खासकर कागिसो रबाडा ने कहर बरपाते हुए 4 विकेट अपने नाम करने में सफल रहे थे। मार्को जेनसन ने भी 3 विकेट लिए थे। भारतीय टीम केपटाउन में अब तक एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है।

## श्रीलंका में महंगाई चरम पर, सब्जियों और दूध की कीमतों में भारी इजाफा

- सरकारी आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने की कीमतें एक महीने में 15 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारी कर्ज का सामना कर रहा श्रीलंका कभी भी दिवालिया हो सकता है। देश में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खासकर सब्जियों और दूध की कीमत में भारी इजाफा हुआ है। श्रीलंका में आयात ना हो पाने की वजह से मिल्क पाउडर की भी कमी हो गई है। मिल्क पाउडर की कीमत में 12.5 फीसदी तेजी आई है। हालत यह हो गई है कि बाजार में दूध की चाय बिकनी बंद हो गई है। यह श्रीलंका में बेहद लोकप्रिय है। दुकानदारों का कहना है कि वे केवल डिमांड पर ही दूध वाली चाय बनाएंगे और इसके लिए ग्राहकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। देश में खाने-पीने के सामानों की कीमत आसमान छू रही हैं। इस महंगाई ने लोगों की कमर तोड़कर रख दी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने की कीमत में एक महीने में ही 15 फीसदी का इजाफा हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह सब्जियों की कीमत में बेतहाशा बढ़ोतरी है। करीब चार महीने में कुकिंग गैस सिलेंडर की कीमत भी दोगुनी हो गई है। करीब 2.2 करोड़ की आबादी वाला श्रीलंका अभूतपूर्व आर्थिक संकट से जूझ रहा है। नवंबर के आ?खिर तक इसका विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर रह गया था। अब देश के पास कुछ ही हफ्तों के आयात के लिए पैसा बचा है। श्रीलंका में विपक्ष के प्रमुख नेता और अर्थशास्त्री हर्षा डी सिल्वा का कहना है कि देश पूरी तरह से दिवालिया हो जाएगा। ऐसा ही चलता रहा तो आयात रुक जाएगा, पूरा आईटी सिस्टम बंद हो जाएगा, यहां तक कि हम गूगल मैप का भी इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे क्योंकि हम इसके लिए पैसे देने की स्थिति में नहीं होंगे।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक नवंबर 2021 से दिसंबर 2021 के बीच खाद्य वस्तुओं की महंगाई 15 प्रतिशत बढ़ी है। खासकर सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। 100 ग्राम मिर्च की कीमत 18 रुपए से 71 रुपए हो गई है। बैंगन की कीमत में 51 प्रतिशत, प्याज की कीमत में 40 प्रतिशत और बींस, टमाटर की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक किलो आलू 200 रुपए में मिल रहा है। आयात ना हो पाने की वजह से मिल्क पाउडर की भी कमी हो गई है। मिल्क पाउडर की कीमत में 12.5 फीसदी तेजी आई है। दुकानदारों का कहना है कि वे केवल मांग पर ही दूध वाली चाय बनाएंगे और इसके लिए ग्राहकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। श्रीलंका चाय के बड़ा उत्पादक है और देश में मिल्क टी बहुत लोकप्रिय है। लेकिन मिल्क पाउडर की कमी के कारण लोगों को मिल्क टी नसीब नहीं हो पा रही है।

## जन हितैषी

# बड़ा हो रहा संकट

देश में कोरोना संक्रमण का रोजाना का आंकड़ा दो लाख के करीब पहुंचने को है। संक्रमण के प्रसार की बढ़ती रफ्तार बता रही है कि हम बड़े खतरे की ओर बढ़ रहे हैं। पर अब ज्यादा बड़ा संकट यह खड़ा हो गया है कि कार्यस्थलों पर सामूहिक संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच चुनाव आयोग ने पांच राज्यों- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। इन चुनावों का आयोजन इस लिहाज से भी अहम है क्योंकि ये महामारी की तीसरी लहर के बीच हो रहे हैं। हालांकि इससे पहले पिछले साल मार्च-अप्रैल में भी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव करवाए गए थे। तब दूसरी लहर जोरों पर थी। उन चुनावों में कोरोना से बचाव के नियमों की खूब धज्जियां उड़ी थीं और चुनाव आयोग कोई कार्रवाई करता नहीं दिखा था। इस वजह से आयोग को कड़ी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। इसी से सबक लेकर अब चुनाव आयोग ने इस बात का ख्याल रखा है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान हर स्तर पर कोरोना से बचाव संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित हो। चुनाव आयोग की नसीहत को राजनीतिक दल कितनी जिम्मेदारी और संयम से काम लेते हैं। आयोग की कितनी सुनते हैं। यह देखने वाला होगा। अब तक चुनावी सभाओं में जिस कदर भीड़ उमड़ती रही है, उसके लिए लोगों से कहीं ज्यादा दोषी राजनीतिक दल हैं। पिछले एक महीने में सभी दलों ने महामारी विशेषज्ञों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए चुनावी सभाएं और रैलियां कीं और गैरजिम्मेदारी का ही परिचय दिया। इसलिए आयोग ने 15 जनवरी तक राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी भी तरह की रैली, जनसभा, रोड शो, पद यात्रा, साइकिल रैली और नुक्कड़ सभाओं जैसे आयोजन नहीं कर सकेंगे, ताकि भीड़ जमा न हो पाए। प्रचार के लिए उम्मीदवारों से डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करने को कहा गया है। जिस तरह से केस बढ़ रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि यह पाबंदी 15 जनवरी के बाद बढ़ेंगी ही। अभी पूरे देश में कोरोना के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। चुनाव वाले राज्यों में भी स्थिति हाथ से बाहर जाती दिख रही है। वहीं जिन राज्यों में चुनाव नहीं है, वहां के हालात भी खराब हैं। दिल्ली पुलिस में एक हजार कर्मियों के संक्रमित होने की खबर है। पुणे में भी पिछले कुछ दिनों में 250 से ज्यादा पुलिस जवान संक्रमित मिले। सुप्रीम कोर्ट में चार जजों सहित 150 कर्मचारी संक्रमित हो गए। उधर, संसद के 400 कर्मचारियों में संक्रमण फैल जाने से चिंता और बढ़ गई। जेलों में कैदियों और कर्मचारियों तक संक्रमण पहुंच गया है। स्कूलों, कालेजों और छात्रावासों में बड़ी संख्या में एक साथ कोरोना फैलना बता रहा है कि हालात अब बेकाबू होते जा रहे हैं। संक्रमण के ज्यादातर मामले उन जगहों से ही आ रहे हैं जहां लोगों की आवाजाही ज्यादा है और लोग एक दूसरे के संपर्क में आ रहे हैं। संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना व्यवहार के उपायों जैसे मास्क लगाने, सुरक्षित दूरी रखने और बार-बार हाथ धोने के अलावा सबसे ज्यादा जोर टीकाकरण पर रहा है। हालांकि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए टीकाकरण को अनिवार्य बनाया भी। लेकिन ऐसे कर्मचारी अभी कम नहीं हैं जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है। कई राज्यों में यह स्थिति काफी खराब है। तीसरी लहर के हालात को देखते हुए सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे हर कर्मचारी के लिए टीकाकरण अनिवार्य करें, खासतौर से पुलिस बल और उनके परिवारों को। दफ्तरों में मास्क और सुरक्षित दूरी के पालन को लेकर सख्ती हो। कर्मचारियों की नियमित जांच हो। संक्रमितों के संपर्क में आने वालों का पता लगाया जाए। हालांकि यह कवायद तभी संभव और कारगर होगी, जब लोग भी इसे अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। पुलिस, अदालतें या दूसरे सरकारी महकमों में संक्रमण के मामले चिंता का विषय इसलिए हैं कि इन जगहों पर कामकाज बाधित होने से और दूसरे संकट खड़े हो सकते हैं। पुलिस का काम तो सीधे-सीधे जनता से जुड़ा है। अब तो उस पर कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी के साथ कोरोना के हालात संभालने की भी है। कर्मचारियों में संक्रमण से अगर अदालती कामकाज भी बाधित होने लगे तो यह चिंता की बात होगी। बड़ी संख्या में संसद के कर्मचारियों को संक्रमण हो जाने से यह आंशका भी खड़ी हो सकती है कि बजट सत्र का काम कैसे चलेगा। जाहिर है, समस्या कम गंभीर नहीं है।

# हिंदी कैसे बने विश्वभाषा?

आज 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। पहली बार यह 1975 में नागपुर में हुआ था। इसका आयोजन श्री अनंत गोपाल शेबड़े और श्री लल्लनप्रसाद व्यास ने किया था। इसका उदघाटन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। उस समय मैंने 'नवभारत टाइम्स' में जो संपादकीय लिखा था, उसका शीर्षक था, 'हिंदी मेलाः आगे क्या?' इस संपादकीय की बहुत चर्चा हुई थी, क्योंकि न.भा.टा. उस समय देश का सबसे बड़ा अखबार था और मुझे हिंदीयोद्धा के नाम से सारा देश जानने लगा था। मैंने उस संपादकीय में जो प्रश्न उठाए थे, वे आज 46 साल बाद भी देश के सामने जस के तस खड़े हैं। ये सम्मेलन भारत समेत दुनिया के कई देशों में संपन्न हो चुके हैं लेकिन नतीजा वही है। नौ दिन चले और ढाई कोस!

इसके आयोजन पर हर बार करोड़ों रु. खर्च होते हैं। सैकड़ों भारतीय सरकारी अधिकारियों, हिंदी साहित्यकारों, अध्यापकों और पत्रकारों तथा तथाकथित हिंदीकर्मियों की चांदी हो जाती है। जिनके लिए भारत में भी अपने पैसों से पर्यटन करना कठिन होता है, वे मुफ्त में विदेश-यात्राओं का आनंद लेते हैं। मुझे इन सम्मेलनों के निमंत्रण कभी हिंदी और कभी अंग्रेजी में भी आते रहे हैं। मैं 2003 में सूरिनाम में आयोजित विश्व हिंदी सम्मेलन में गया, वह भी भारत और सूरिनाम के प्रधानमंत्रियों के व्यक्तिगत आग्रह पर! वहां मैंने मेरे कई साहित्यकार, पत्रकार और सांसद मित्रों के समर्थन से हिंदी को संयुक्तराष्ट्र संघ की भाषा मान्य करवाने का प्रस्ताव पारित करवाया लेकिन आज तक क्या हुआ? कुछ भी नहीं। श्रीमती सुषमा स्वराज जब विदेश मंत्री बनीं तो मैंने उन्हें बार-बार प्रेरित किया। उन्होंने काफी प्रयत्न किया लेकिन संयुक्तराष्ट्र संघ में हिंदी अभी तक मान्य नहीं हुई है। लेकिन वे छह भाषाएं वहां मान्य हैं, जिनके बोलनेवालों की संख्या दुनिया के हिंदीभाषियों से बहुत कम है। चीनी भाषा (मेंडारिन) के बोलनेवालों की संख्या भी विश्व के हिंदीभाषियों के मुकाबले काफी कम है। यह बात चीन में दर्जनों बार गांव-गांव घूमकर मैंने जानी है। यदि सं.रा. में अरबी, अंग्रेजी, हिस्पानी, रूसी, फ्रांसीसी और चीनी मान्य हो सकती हैं तो हिंदी को तो उनसे भी पहले मान्य होना चाहिए था लेकिन जब हमारी सरकार और नौकरशाही ने भारत में ही हिंदी को नौकरानी बना रखा है तो इसे विश्वमंच पर महारानियों के बीच कौन बिठाएगा? हम महाशक्तियों की तरह सुरक्षा परिषद में घुसने के लिए बेताब हैं लेकिन पहले उनकी भाषाओं के बराबर रुतबा तो हम हासिल करें। यह सराहनीय है कि अटलजी और नरेंद्र मोदी ने सं. रा. में अपने भाषण हिंदी में दिए। 1999 में संयुक्तराष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि के नाते मैं अपना भाषण हिंदी में देना चाहता था लेकिन मुझे मजबूरन अंग्रेजी में बोलना पड़ा, क्योंकि वहां कोई अनुवादक नहीं था। संस्कृत की पुत्री होने और दर्जनों एशियाई भाषाओं के साथ घुलने-मिलने के कारण हिंदी का शब्द-भंडार दुनिया में सबसे बड़ा है। यदि हिंदी संयुक्तराष्ट्र की भाषा बन जाए तो वह दुनिया की सभी भाषाओं को अपने शब्द-भंडार से भर देगी। यदि हिंदी को संयुक्तराष्ट्र संघ में मान्यता मिलेगी तो भारत में से अंग्रेजी की गुलामी भी घटेगी। उसका फायदा यह होगा कि दुनिया के चार-पांच अंग्रेजीभाषी देशों के अलावा सभी देशों के साथ व्यापार और कूटनीति में हमारा सीधा संवाद कायम हो सकेगा। (लेखक-डॉ. वेदप्रताप वैदिक/ईएमएस) (लेखक, भारतीय भाषा सम्मेलन के अध्यक्ष हैं)

## शब्द पहेली - 7166

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**

1.इच्छा,मन्नत-2
3.आश्रय,शरण-3
6.ठाठ-बाट-2
8.प्रकार-3
10.आवरण-3
12.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
14.ख्वाब,स्वप्न-3
17.घर,आवास-3
19.लोच-3
21.भस्म,खाक-2
23.निगाह,दृष्टि-3
25.संबोधन-2
26.देवर्षि-3
28.तिजोरी-3
30.तरंग,हिलोर-3
32.गुंडा,बदमाश-3
35.अनुकृति-3
37.नाप करना-3
39.थोड़ा-2
40.उल्टी,कै-3
41.मां के पिता-2

**ऊपर से नीचे**

1.सप्तम,सातवां-2
2.पृथ्वी,वसुंधरा-3
4.घ्राणेद्रिय-2
5.वासना,लालसा-3
7.खुमार,सरूर-2
9.रनिवास (उर्दू-3)
11.चतुर,तेज-3
13.थकावट-3
15.नृत्य करना-3
16.कुल,खानदान,वंश-3
18.पुराना जुकाम-3
20.कटि,शरीर का मध्यांग-3
22.ईमामदस्ता-3
24.नकद राशि,रोकड़-3
27.जलने की क्रिया-3
29.रवानगी,विदा होना-3
31.राशि,धन-3
33.आलेप करना, पोतना-3
34.रहस्य-2
36.बुरी आदत-2
38.अनेक प्रकार-2

**शब्द पहेली -7165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | ■ | ता | ■ | य | ■ | लों | क |
| रा | ■ | ला | ल | ■ | श | ह | ■ | हा |
| ब | से | रा | ■ | सा | ■ | क | स | र |
| ■ | ना | ■ | आ | स | रा | ■ | र | ■ |
| अ | ना | मि | का | ■ | श | रा | फ | त |
| ■ | य | ■ | र | ह | न | ■ | रो | ■ |
| म | क | र | ■ | र | ■ | प्रे | श | र |
| लि | ■ | ज | मा | ■ | आ | स | ■ | स |
| न | र | ■ | न | ■ | म | ■ | आ | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# हिन्दी, और रोजगार

हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है, पर प्रश्न है कि क्या सचमुच ही हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा बन पाई है ? इस यक्ष प्रश्न को अनुत्तरित छोड देने में विगत पीढी के उन राजनेताओं की बहुत बडी गलती है, जिसके अनुसार हमारी संसद ने यह विधेयक पारित कर दिया कि जब तक देश का एक भी राज्य हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप में स्वीकार करने में अपनी तैयारी या अन्य कारणो से असमर्थता व्यक्त करें, तब तक हिंदी को अनिवार्य नहीं किया जावेगा। यही कारण है कि क्षेत्रवाद, भाषाई राजनीति, पक्ष, विपक्ष के चलते कानूनी रूप से हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा के रूप में आजादी के वर्षो बाद भी स्थापित नहीं हो पाई।

लोकतंत्र में कानून से उपर जन भावनायें होती है, विगत कुछ दशकों में बाजारवाद विश्व पर हावी हुआ है आज का युवावर्ग इसी बाजारवाद से प्रभावित है, जहां आजादी के दिनों में उत्सर्ग, देश के लिये समर्पण और त्याग की भावनायें युवाओं को आकृष्ट कर रही थी, वहीं वर्तमान समय में स्वंय की आर्थिक उन्नति, बढती आबादी के दबाव के बीच गलाकाट प्रतिस्पर्धा में येन केन प्रकारेण आगे निकलने की होड में युवा सतत व्यस्त है। आज कार्पोरेट जगत में युवा शक्ति का साम्राज्य है . विभिन्न कंपनियो के शीर्ष पदो पर अधिकांशतः युवा ही पदारूढ़ हैं . बाजार वैश्विक हो चला है .

अंग्रेजी वैश्विक संपर्क भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है, अतः आज युवावर्ग ने मातृभाषा हिन्दी की अपेक्षा अंग्रेजी को प्राथमिकता देते हुये अपनी अभिव्यक्ति व संपर्क का माध्यम बनाया है, त्रिभाषा फार्मूले के शीर्ष पर अंग्रेजी स्थापित होती दिख रही है। आंकडो में देखे तो हिन्दी का विस्तार हो रहा है, नई पत्र पत्रिकायें, किताबें, हिन्दी बोलने वालो की संख्या, विश्वविद्यालयों में हिन्दी पाठयक्रम , सब कुछ बढ रहा है। पर वास्तविकता से परिचित होने की जरूरत है, जर्मन रेडियो डायचेवेली ने हिन्दी प्रसारण बंद कर दिया है। बीबीसी ने हिन्दी के रेडियो प्रसारण बन्द कर दिए हैं ।

हिंदी पुस्तको के प्रथम संस्करणों में 100 से 200 प्रतियां ही छप रही है। हिंदी लेखकों को कोई उल्लेखनीय रायल्टी नहीं मिल रही है। हिदीं 'हिन्गलिश' बन रही है। मोबाईल पर एस.एम.एस हो या नेटवर्किग साइट पर युवा वर्ग की चैटिंग, रेडियो जाकी की एफ.एम. रेडियो पर उद्घोषणायें हो या टीवी के युवाओ में लोकप्रिय कार्यक्रम, शुद्ध हिंदी मिलना दुष्कर है.गांव गांव तक हमारी फिल्मो व फिल्मी गीतो का युवा वर्ग पर विशेष प्रभाव है , अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी शीर्षक की फिल्में , उनके डायलाग तथा हिन्दी व्याकरण को ठेंगा बताती शब्दावली के फिल्मी गीत अपनी तेज संगीत वाली धुनो के कारण युवाओ में लोकप्रिय हैं . आशा की किरण यही है कि यह सब जो कुछ भी है देवनागरी में है , सकारात्मक ढ़ंग से देखें तो इस तरह भी हिन्दी देश को जोड़ रही है, तथा विश्व में हिन्दी को स्थान भी दिला रही हैं .कार्पोरेट जगत के एम बी ए पढ़े लिखे युवा भले ही अंग्रेजी में गिटर पिटर करें या कार्पोरेट जगत का आंतरिक पत्र व्यवहार , प्रगति प्रतिवेदन आदि भले ही अंग्रेजी में हो पर जब वे अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग करते हैं तो उन्हें विज्ञापनो में हिन्दी का ही सहारा लेना पड़ता है , यह और बात है कि यह हिन्दी भी विशुद्ध न होकर जन बोलौ ही होती है.

हिंदी कविताओं की पुस्तके छपती है, पर वे विजिटिंग कार्ड की तरह बांटी जाने को विवश है, एवं लेखकीय आत्ममुग्धता से अधिक नहीं है। युगांतकारी रचना धार्मिता का युवा हिन्दी लेखको, कवियो में अभाव दिख रहा है। देश की आजादी के समय मिशन स्कूल, पब्लिक स्कूल एवं कावेंट स्कूलो के पास जो संस्थागत ताकत शिक्षण के क्षेत्र में थी, उसका हिंदी के विपरीत समाज पर स्पष्ट दुष्प्रभाव अब परिलक्षित हो रहा है । शिक्षा, रोजगार का साधन बनी, व्यक्ति की संस्कारों या सच्चे ज्ञान की वाहक अपेक्षाकृत कम रह गयी . रोजगार तथा बच्चो के सुखद आर्थिक भविष्य के दृष्टिकोण से स्वंय हिन्दी के समर्थक पालको ने भी अपने बच्चो को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने में ही भलाई समझी इसके परिणाम स्वरूप आज की अंग्रेजी माध्यम से पढी पीढी सत्रह, इकतीस या उननचास नहीं समझ पाती, उसे सेवेनटीन, थर्टीवन और फोर्टीनाइन बतलाना पडता है , यह पीढ़ी अंग्रेजी में सोचकर भले ही हिंदी में लिख ले पर वह हिन्दी के संस्कारो से जुड़ नही पाई है .

किंतु सब कुछ निराशाजनक ही नहीं है, एटीएम मशीन हो, या कम्पयूटर के साफ्टवेयर अंग्रेजी के साथ हिंदी के विकल्प भी अब सुलभ है, हिंदी शिक्षण हेतु नेट पर कक्षायें भी चल रही है, हिंदी ब्लाग प्रजातंत्र के पांचवे स्तंभ के रूप में स्थापित हो चला है,नित नये हिन्दी ब्लाग्स विविध विषयो पर देखने को मिल रहे हैं . यह सब हमारा युवा वर्ग ही कर रहा है, हिंदी में शोध करने वाले आज भी गंभीर कार्य कर रहे है, इसके दीर्घकालिक प्रभाव देखने को जरूर मिलेगें। आने वाले समय में आज का युवा ही हिंदी को किसी कानून के कारण नहीं, या उपर से थोपे स्वरूप में नहीं वरन् स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बीच , अंतरमन से हिंदी की सरलता, सहजता के कारण तथा हिन्दी के भातर की जनभाषा होने के कारण व्यापक स्वरूप में अपनायेगा, हमारी पीढी इसी आशा और विश्वास के साथ हिंदी को बढ़ता देखना चाहती है।

सरकारी अनिवार्यता से ऊपर हिंदी को लेकर सबसे महत्वपूर्ण तथ्य जो सकारात्मकता जगाता है वह यह है कि आज हिंदी भाषी दुनियाभर में हैं। मतलब हिंदी किताबें , हिंदी मीडिया , हिंदी अनुवादक , हिंदी शिक्षक , हिंदी स्क्रिप्ट राइटर , हिंदी फिल्मों में कार्य के वैश्विक अवसर बने हुए हैं । सोशल मीडिया , इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कम्प्यूटर तकनीक ने हिंदी को वैश्विक बनाने में हिंदी फिल्मों से कम योगदान नही दिया है ।

आने वाला समय रोबोटिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है । मेरी धारणा है कि आज यदि हिंदी में मौलिक खोज , मौलिक चिंतन व रिसर्च पर काम हो तो हिंदी रोजगार सहित आजीविका के संसाधनों के विकास में सहयोगी सिद्ध होगी । (लेखक- विवेक रंजन श्रीवास्तव 'विनम्र / ईएमएस)

# पाँच राज्यों में चुनाव - सियासत के भविष्य का सूचक 'सेमिफायनल'

आखिर भारतीय चुनाव आयोग ने सरकार की सहूलियत के अनुसार पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर ही दी, इन पांच राज्यों में उत्तरप्रदेश भी शामिल है, जो राजनीतिक दलों को केन्द्र की सत्ता का मार्ग प्रशस्त करता है, जहां दस फरवरी से सात मार्च के बीच सात चरणों में मतदान होना है और उसके बाद देश की सियासत का भविष्य तय करने वाले चुनाव परिणाम दस मार्च को सामने आ जाएगें। फिलहाल इन पांच राज्यों में से चार राज्यों में भाजपा की सरकारें है, अकेले पंजाब में कांग्रेस सत्तारूढ़ है। अब इसीलिए भाजपा के लिए ये चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बने हुए है, खासकर उत्तरप्रदेश जो देश की सबसे बड़ी विधानसभा अपने आगोश में रखे हुए है और फिलहाल यहां भाजपा भारी बहुमत के साथ सत्तारूढ़ है।

ये पांच राज्यों के चुनाव सिर्फ सत्तारूढ़ भाजपा के लिये ही नहीं, बल्कि प्रतिपक्षी दलों के लिए काफी अहमियत रखते है, इन चुनावुं को केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा को अपना रूतबा दिखाना है, वहीं अपनी इज्जत बचाने की भी चुनौती भी है। खासकर पंजाब में अपनी सत्ता को सुरक्षित रखने की चुनौती कांग्रेस के सामने है, वहां भाजपा जहां राजनीतिक पाला बदलने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के प्रति आशान्वित है, तो कांग्रेस वहां प्रदेशाध्यक्ष सिद्धु और मुख्यमंत्री चन्नी के आपसी मतभेद में उल्झी है, हाल ही में चंड़ीगढ़ महापरिषद के चुनाव में भाजपा ने उत्साह जनक परिणाम प्राप्त कर अपनी महापौर को चुनावाया है, इससे कांग्रेस व आप दोनों दल आश्चर्यचकित है, भाजपा जहां अपने भविष्य के लिए महापौर के चुनाव को शुभ मान रही है, वहीं कांग्रेस आप और अकाली दल इस परिणाम को विस्मय भरी नजरों से निहार रहे है। इन पांच राज्यों में उत्तरप्रदेश के बाद पंजाब ही अहम राज्य है, शेष तीन राज्य उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर तीनों राजनीतिक दृष्टि से गौण राज्य है।

अब यदि इन चुनावों के परिणामों के सियासी असर पर गौर किया जाये तो जहां इन पांच राज्यों के चुनाव परिणामों का राष्ट्रपति जी के चुनाव पर भी सियासी असर होगा, जो जुलाई माह में होने वाले है, यदि इन पांच राज्यों में चुनाव परिणाम पहले की तरह ही आए तो फिर भाजपा को अपना राष्ट्रपति चुनने में कोई दिक्कत नहीं होगी और अगर उलटफैर हुए तो फिर भाजपा के सामने अपनी पसंद का राष्ट्रपति लाने में कुछ दिक्कत हो सकती है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में भाजपा की विधानसभा चुनावों में स्थिति कमजोर रही है।

राष्ट्रपति चुनाव के साथ ही इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम संसद की मौजूदा स्थिति को भी बदल सकते है, खासकर राज्यसभा का सियासी समीकरण इन चुनाव परिणामों से अधिक प्रभावित होगा। राज्यसभा की 73 सीटों के लिए इसी साल जुलाई में चुनाव होगें, अर्थात् एक तिहाई सीटों पर चुनाव होगें, सियासी अनुमान है कि इन राज्यों के परिणाम प्रतिपक्षी दलों को राज्यसभा में हल्की सी बढ़त हासिल करवा सकते है, इसलिये भाजपा के सामने राज्यसभा में अपनी इज्जत बचाकर रखने की भी गंभीर चुनौति है।

यद्यपि भाजपा की पूरी कौशिश है कि इन पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के माध्यम से प्रतिपक्षी दलों को सियासत की भावी तस्वीर दिखा दें, इसीलिए प्रधानमंत्री ने भी इन चुनरवों को अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा मान लिया है और वे प्रचार में जी-जान से जुटे है, किंतु भाजपा उन खूफिया रिपोर्टो से भी परेशान है, जिन में यह बताया जा रहा है कि पिछले कुछ सालों में देश में भाजपा की साख व प्रतिष्ठा में गिरावट आई है तथा मोदी जी की लोकप्रियता भी कम हुई है। किंतु साथ ही भाजपा इस तथ्य को लेकर भी प्रसन्न है कि अभी तक कोई सशक्त विरोधी दल भाजपा के मुकाबले में नहीं आ पाया है और प्रमुख प्रतिपक्षी दल कांग्रेस राजनीति के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में अंतिम सांस ले रही है। इस प्रकार कुल मिलाकर इन पांच राज्यों के चुनाव परिणाम हर दृष्टि से देश की सियासत को काफी प्रभावित करने वाले है।

अब अंत में यदि चुनाव आयोग की बात की जाए तो वह भी अब स्वतंत्र व निष्पक्ष इकाई नहीं रहा उसे वही सब करना पड़ता है जो केन्द्र में सत्तारूढ़ दल चाहता है, इसीलिए केन्द्र की सहूलियत के अनुसार चुनाव की तारीखों व उनके नियमों की घोषणा की गई, सबसे अधिक आश्चर्य का विषय एक सप्ताह के लिए रैलियों पर प्रतिबंध लगाना है क्या चुनाव यह भविष्यवाणी कर रहा है कि 19 जनवरी के बाद कोरोना महामारी खत्म हो जाएगी? इस प्रकार ये चुनाव देश व देशवासियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। (लेखक- ओमप्रकाश मेहता / ईएमएस)

## आज का इतिहास 13 जनवरी

1509 एलिजाबेथ प्रथम ब्रिटेन की गद्दी पर बैठी.
1709 बहादुर शाह प्रथम ने अपने भाई कामबख्श को हैदराबाद में हराया.
1822 यूनान में उदारवादी संविधान स्वीकार किया गया.
1883 बूर्डीचेव (रूस) में सिनेमाघर में आग से 270 लोगों की मृत्यु.
1886 लागोए नाइजीरिया से अलग ब्रिटिश उपनिवेश बना.
1915 मध्य इटली में भूकंपन से तीस हजार से अधिक लोग मारे गए.
1935 सार जर्मनी का हिस्सा बना.
1945 द्वितीय विश्वयुद्ध में सोवियत सैनिकों ने सिलेसिया में जवाबी कार्यवाही की.
1948 गांधीजी ने कलकत्ता में आमरण अनशन किया.
1959 बेल्जियन कार्गो में सुधार लागू किए गए.
1988 राष्ट्रवादी चीन के राष्ट्रपति चियांग चिंग कुओं की मृत्यु हुई थी.
1990 सल्वाडोर के राष्ट्रपति अल्फ्रेडो किस्टियानी ने छह पादरियों की हत्या के सिलसिले में चार अधिकारियों और चार सैनिकों की गिरफ्तारी की घोषणा की.
1991 सोवियत छाताधारी सैनिकों ने लिथुआनिया के टेलीविजन केंद्र पर कब्जा किया,जिसमें 14 व्यक्ति मारे गए.
1998 पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद में एक बस के पधा नदी में गिर जाने से 66 छात्र-छात्राओं की मृत्यु.
2002 त्रिपुरा में उग्रवादियों में 16 गैर आदिवासियों की हत्या की.
2003 पत्रकार इफ्तिखार गिलानी को अदालत ने रिहा किया.
2004 भारत ने बहरीन के साथ प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए.
2005 शंकराचार्य की गिरफ्तारी के दौरान पूछताछ के वीडियो अंश लीक करने के मामले को लेकर मानव अधिकार आयोग ने तमिलनाडु सरकार को नोटिस भेजा.

# अप्रैल 2029 में धरती के बेहद करीब से गुजरेगा तबाही का देवता'

ऐस्टरॉइड को लेकर रूसी वैज्ञानिकों का दावा


वॉशिंगटन (ईएमएस)। रूसी वैज्ञानिकों ने कहा है कि दशक के आखिर तक धरती के सबसे बड़े परमाणु बम से 30 गुना ज्यादा शक्तिशाली ऐस्टरॉइड हमारे ग्रह के बहुत करीब आ रहा है।वैज्ञानिकों ने ताजा गणना करके अनुमान लगाया है, कि ऐस्टरॉइड या 'तबाही का देवता' अप्रैल 2029 में धरती के बेहद करीब से गुजरेगा। पहले अनुमान लगाया गया था कि यह ऐस्टरॉइड साल 2068 में गुजरेगा, लेकिन ताजा गणना में अनुमान को गलत पाया गया है। रूसी वैज्ञानिकों ने बताया कि यह विशाल आसमानी चट्टान अपोफिस धरती की सतह से 39 हजार किमी की दूरी से गुजरेगा। रिपोर्ट के मुताबिक यह वही दूरी है जहां पर वर्तमान समय में टीवी पर चैनलों के प्रसारण के लिए सैटलाइट स्थापित होते हैं। अपोफिस कितना शक्तिशाली है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है, कि यह अगर पृथ्वी से टकराता है,तब 88 करोड़ टन टीएनटी के विस्फोट के बराबर असर होगा। यह ऐस्टरॉइड 1,115 फुट चौड़ा है और बहुत तेजी से धरती की ओर बढ़ रहा है।

तबाही का देवता अपोफिस फ्रांस के एफिल टावर से आकार में बड़ा है।अपोफिस ऐस्टरॉइड की खोज अमेरिका के एरिजोना की वेधशाला ने 19 जून, 2004 को की थी। इसके बाद से ऐस्टरॉइड पर वैज्ञानिकों की नजर है। शोधकर्ताओं ने इससे पहले अपोफिस को सुबारू टेलिस्कोप के जरिए पता लगाया था और विश्लेषण के बाद पाया कि इसने गति पकड़ लिया है।इसमें पाया गया कि ऐस्टरॉइड सूर्य की रोशनी में गरम हो रहा है। नासा ने इस ऐस्टरॉइड को तीसरा सबसे बड़ा खतरा करार दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ऐस्टरॉइड जब धरती के पास आएगा तब उसके बारे में और ज्यादा जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि ऐस्टरॉइड धरती से नहीं टकराने जा रहा है। यह सुरक्षित तरीके से धरती के पास से गुजरेगा। अपोफिस का धरती के पास आना अपने आप में बेहद अहम घटना है क्योंकि ऐसा पहली बार होगा जब इस तरह का खतरनाक और विशाल ऐस्टराइड पृथ्वी के इतने करीब आ रहा है।

वैज्ञानिकों ने कहा कि ऐस्टरॉइड से धरती के उपग्रह और स्पेस स्टेशन भी सुरक्षित रहने वाले है। अपोफिस ऐस्टरॉइड निकेल और लोहा से बना है तथा रेडॉर इमेज से पता चलता है कि यह लगातार लंबा हो रहा है। इसका आकार अब मूंगफली की तरह से होता जा रहा है। हालांकि शोधकर्ताओं ने कहा कि अभी और ज्यादा विश्लेषण की जरूरत है। इससे पहले के शोध में कहा जा रहा था कि इस ऐस्टरॉइड के टकराने की संभावना केवल 2.7 प्रतिशत ही है।

## दैनिक पंचांग

**13 जनवरी 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 06.53 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कुंभ | 08.39 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मीन | 10.12 बजे से |
| बुध | मकर में | मेष | 11.42 बजे से |
| गुरु | कुंभ में | वृष | 13.22 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 15.21 बजे से |
| शनि | मकर में | कर्क | 17.34 बजे से |
| राहु | वृष में | सिंह | 19.50 बजे से |
| केतु | वृश्चिक में | कन्या | 22.02 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | तुला | 00.13 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.27 ब.से |
| | | धनु | 04.43 बजे से |

**गुरुवार** 2022 वर्ष का 13 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2078 **शक संवत्** 1943
**मास** पौष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 19.33 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** कृत्तिका 17.07 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 12.34 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 19.33 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 31'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871127
**जूलियन दिन** 2459592.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 09
**विशेष** पुत्रदा एकादशी, वैकुण्ठ एकादशी, भोगी पण्डिगाई, लोहड़ी, तैलंग स्वामी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# खेल - समाचार

## विश्व बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित और कोहली पांचवें और नौवें स्थान पर बरकरार

गेंदबाजी में अश्विन शीर्ष दस में एकमात्र भारतीय

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा विश्व टेस्ट रैंकिंग में भारत के रोहित शर्मा और विराट कोहली शीर्ष दस में बने हुए हैं। यह दोनो ही पांचवें और नौवें स्थान पर कायम हैं। रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं जबकि कोहली के 740 अंक हैं। भारत के ही मयंक अग्रवाल एक स्थान के नुकसान के साथ ही 13वें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन नंबर एक पर कायम हैं। उनके 924 अंक है। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट के 881 और ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 871 अंक लेकर दूसरे और तीसरे स्थान पर बने हुएहैं। चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन हैं उनके 862 हैं।

वहीं टेस्ट गेंदबाजों में भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 861 अंक लेकर रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। अश्विन शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिन्स शीर्ष पर हैं। उनके बाद अश्विन और न्यूजीलैंड काइल जैमीसन का नंबर आता है। जैमीसन छह पायदान ऊपर चढ़े हैं। अश्विन टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी दूसरे स्थान पर कायम हैं। इस सूची में वेस्टइंडीज के जैसन होल्डर शीर्ष पर हैं।

## सुंदर और सिराज की जगह जयंत और नवदीप एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल

मुम्बई (ईएमएस)। भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए वाशिंगटन सुंदर और मोहम्मद सिराज की जगह पर जयंत यादव और नवदीप सैनी को टीम में शामिल किया है। सुंदर कोरोना संक्रमण के कारण इस दौरे से बाहर हैं, वहीं सिराज अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से नहीं उबरे हैं। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच 19, 21 और 23 जनवरी को तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। रोहित शर्मा चोट के कारण इस दौरे से बाहर हैं और ऐसे में लोकेश राहुल भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगे। वहीं भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी चोट के कारण टीम में शामिल नहीं हुए हैं। बीसीसीआई ने अपने एक बयान में कहा कि टीम इंडिया के सुंदर को बेंगलुरु में शिविर के दौरान कोविड-19 संक्रमित पाए जाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है।

साथ ही कहा गया कि अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने सुंदर की जगह जयंत यादव को शामिल किया है। समिति ने सिराज के बैक-अप के रूप में तेज गेंदबाज सैनी को भी एकदिवसीय टीम में शामिल किया, सिराज अभी भी अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं।

भारत की वनडे टीम : केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेट-कीपर) ), युजवेंद्र चहल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, नवदीप सैनी।

## ओडिन के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को पहले एकदिवसीय में हराया

मैच में लगाया शानदार छक्का , रेंज रोवर कार पर गिरी गेंद

जमैका (ईएमएस)। आयरलैंड के साथ यहां हुए पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज की ओर से पदार्पण कर रहे ओडिन स्मिथ ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई हालांकि वह अधिक चर्चाओं में अपने एक शॉट के कारण रहे। ओडिन का एक छक्का सीधे बाउंड्री के बाहर खड़ी एक रेंज रोवर कार पर जाकर गिरा। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कैसे ओडिन के बल्ले से निकली गेंद सीधे स्टेडियम के पार गई और वहां खड़ी नीले रंग की रेंज रोवर कार के ऊपर गिरी। वहीं कॉमेंटेटर भी स्मिथ का यह शॉट देखकर हैरान रह गए। इस दौरान कॉमेंट्री टीम की तरफ से कहा गया कि यह कार शेल्डन कॉटरेल की है।

ओडिन 9वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। तब पारी का 47वां ओवर चल रहा था। ऐसे में ओडिन ने तेजी से शॉट खेले। उन्होंने 48वें ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का मारा, जो सीधे कार के ऊपर जाकर गिरी। इसके बाद उन्होंने 49वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर एक छक्का और एक चौका भी लगाया। अगली गेंद पर वो बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में कैच आउट हुए। ओडिन के 8 गेंद पर 18 रनों की सहायता से वेस्टइंडीज ने इस मैच में 48.5 ओवर में 269 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम 49.1 ओवर 245 रनों पर ही सिमट गयी। इस प्रकार वेस्टइंडीज ने पहला एकदिवसीय 24 रन से जीता। ओडिन ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 5.1 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए।

## अंडर-19 विश्व कप : भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज में जारी अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट के अपने दूसरे अभ्यास मैच में भी भारतीय टीम जीती है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को नौ विकेट से हराया है। भारतीय खिलाड़ियों ने अबतक यहां बल्लेबाजी के साथ ही शानदार गेंदबाजी भी की है। भारतीय टीम ने अपने पहले अभ्यास मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को 108 रनों से हराया था।

भारतीय टीम ने अपने दूसरे अभ्यास मैच में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कप्तान कूपर कोनोली के शतक की सहायता से 268 रन बनाए। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 269 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने 47.3 ओवर में केवल एक विकेट के नुकसान पर ही आसानी से हासिल कर लिया। भारत की ओर से हरनूर सिंह ने 100, शेख रसीद ने 72 रन बनाये। वहीं कप्तान यश ढुल ने नाबाद 50 रन बनाये। हरनूर और शेख रशीद रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे।

इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी टिक नहीं पायी। दोनो ही सलामी बल्लेबाज 21 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के बीच 50 से ज्यादा रन की साझेदारी हुई पर इसके बाद टीम ने 83 के स्कोर पर तीसरा और 117 रन पर चौथा विकेट गंवा दिया पर कप्तान कूपर कोनोली ने एक छोर संभाले रखा।

भारत की तरफ से रवि कुमार ने 34 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा राजवर्धन ने 3 विकेट लिए।

## दहिया ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वीन्स बैटन रिले शुरु की

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक रजत पदक विजेता भारतीय पहलवान रवि दहिया ने बुधवार को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिये क्वीन्स बैटन रिले के भारतीय चरण की सांकेतिक दौड़ के साथ शुरुआत की है। क्वीन्स बैटन सोमवार को ही दिल्ली पहुंची थी। इससे उत्साहित दहिया ने कहा, ''बैटन रिले का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। राष्ट्रमंडल खेलों के लिये मेरी तैयारियां बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं। इसके साथ ही मैं बर्मिंघम में स्वर्ण पदक जीतने को लेकर उत्साहित भी हूं।'' बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच किया जाएगा पर कोरोना महामारी को देखते हुए इस बार क्वीन्स बैटन रिले का आयोजन महामारी के कारण सांकेतिक रूप से किया गया है।

क्वीन्स बैटन रिले में भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा और महासचिव राजीव मेहता सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त अलेक्स एलिस भी उपस्थित थे।

एलिस ने कहा, ''मैं भारत में बैटन रिले की शुरुआत में शामिल होकर खुश हूं। भारत और इंग्लैंड के बीच संबंध बहुत अच्छे हैं। साथ ही मुझे लगता है कि खेल से दोनों देश और करीब आते हैं।''

क्वीन्स बैटन रिले अब 14 जनवरी को बेंगलुरू और 15 जनवरी को भुवनेश्वर में होगी।

## साइना और प्रणय इंडिया ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में पहुंचे

नई दिल्ली (ईएमएस)। साइना नेहवाल और एचएस प्रणय इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। बना ली है। साइना ने यहां इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में जारी इस टूर्नामेंट के महिला एकल में चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा के दूसरे गेम में रिटायर होने के कारण आसानी से दूसरे दौर में जगह बनायी।

स्वाबिकोवा जब मैच से हटीं थीं तब साइना 22-20, 1-0 से आगे थीं। साइना अब दूसरे दौर में हमवतन मालविका बंसोड़ का सामना करेगी। मालविका ने पहले दौर में अपने ही देश की सामिया इमाद फारूकी को 21-18, 21-9 से हराया था। वहीं पुरुष एकल वर्ग में प्रणय ने स्पेन के पाब्लो एबियन को 33 मिनट में 21-14, 21-7 से हराया था। प्रणय का सामना अब अपने ही देश के मिथुन मंजुनाथ से होगा। मंजुनाथ ने इससे पहले ंस के अरनॉड मेकर्ले को एक घंट से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-16, 15-21, 21-10 से हराया था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 61,000 अंक के ऊपर पहुंचा

निफ्टी भी 156 अंक उछला

मुम्बई (ईएमएस)। मुम्बई शेयर बाजार में बुधवार को भी तेजी रही। सेंसेक्स 533 अंक बढ़कर एक बार फिर 61,000 अंक के ऊपर पहुंच गया। बाजार में यह तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज आईटी कंपनियों विप्रो, इन्फोसिस और टीसीएस के तीसरी तिमाही में बेहतर वित्तीय परिणामों की उम्मीद से आयी है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 533.15 अंक करीब 0.88 फीसदी बढ़कर 61,150.04 अंक पर बंद हुआ था हालांकि कारोबार के दौरान एक समय यह 61,218.19 अंक तक चला गया था। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 156.60 अंक तकरीबन 0.87 फीसदी बढ़कर 18,213.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील प्रमुख रूप से 4.68 फीसदी तक लाभ में रहे।

वहीं दूसरी ओर टीसीएस, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, विप्रो और नेस्ले के शेयर नीचे आये हैं। जानकारों के अनुसार यह तेजी बाजार में तेजड़िये के पूर्ण नियंत्रण को दिखाती है। निवेशक तीन प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों विप्रो, इन्फोसिस और टीसीएस के बेहतर परिणामों की उम्मीद कर रहे हैं। इससे भी बाजार में उत्साह का माहौल है।

बीएसई पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, कोटक बैंक, एचडीएफसी, एसबीआईएन, अल्ट्रा सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान लीवर आदि शेयरों में तेजी है। वहीं विप्रो, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, टीसीएस, टाइटन के शेयर गिरे हैं।

# विश्व बैंक ने भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 8.3 फीसदी पर बरकरार रखा

मुंबई (ईएमएस)। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के लिए भारत के जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 8.3 फीसदी पर बरकरार रखा है लेकिन वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के लिए चीन के जीडीपी ग्रोथ रेट के अनुमान को 8.5 फीसदी से घटाकर 8 फीसदी कर दिया। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत के अपने अनुमान को बढ़ाकर क्रमशः 8.7 फीसदी और 6.8 फीसदी कर दिया है। वॉशिंगटन मुख्यालय वाले वर्ल्ड बैंक ने हाल ही में जारी ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्टस रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। वर्ल्ड बैंक ने भारत के अलावा अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, चीन और जापान सहित दुनिया की लगभग सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को लेकर अनुमान जारी किया और चेतावनी दी कि उच्च ऋण स्तर, आय की बढ़ती असमानता और नए कोविड-19 वेरिएंट के चलते विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में सुधार को खतरा बन सकता है अथवा ग्रोथ सुस्त हो सकी है। विश्व बैंक ने बताया कि साल 2021 में ग्लोबल ग्रोथ रेट 5.5 फीसदी रही। हालांकि 2022 में इसमें स्पष्ट गिरावट के संकेत है और यह 4.1 फीसदी रह सकती है। वहीं 2023 में यह और घटकर 3.2 फीसदी पर आ सकती है। वर्ल्ड बैंक ने इसके पीछे पेंटअप डिमांड के धीमा पड़ने और सरकारों की तरफ से महामारी में बड़े पैमाने पर जारी किए वित्तीय उपायों के असर के कम पड़ने को वजह बताया। चीन की बात करें तो वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के लिए चीन के जीडीपी ग्रोथ रेट अनुमान को 8.5 फीसदी से घटाकर 8 फीसदी कर दिया। साथ ही वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2024 में वर्ल्ड बैंक ने चीन की आर्थिक विकास दर में और धीमी पड़ने और इसके क्रमशः 5.1 फीसदी और 5.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

# आईपीएल से सौ करोड़ कमाने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं नरेन

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार आठ की जगह दस टीमें उतरेंगी। इसमें लखनऊ और अहमदाबाद दो 2 नई टीमें जुड़ गयी हैं। इसमें लोकेश राहुल राहुल लखनऊ वहीं हार्दिक पंडया अहमदाबाद के कप्तान बन सकते हैं। इस बार लीग में खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ेगी. इतना ही नहीं मैचों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके लिए अगले माह मेगा नीलामी होगी। आईपीएल की 8 पुरानी टीमों ने पिछले दिनों 27 खिलाड़ियों को बनाये रखा है। 2 नई टीमें अब 3-3 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ सकेंगी। टी20 लीग के इतिहास की बात करें तो इसमें अब तक केवल एक गेंदबाज वेस्टइंडीज के ऑफ स्पिनर सुनील नरेन ही वेतन के तौर पर 100 करोड़ रुपए से अधिक कमा पाये हैं। उन्हें मौजूदा सीजन के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स ने रिटेन किया है। इस गेंदबाज ने ओवरऑल टी20 करियर में 400 से अधिक विकेट लिए हैं।

नरेन की बात करें यह 33 साल का गेंदबाज 2012 से आईपीएल में खेल रहा है। वे शुरुआती सीजन से ही केकेआर (केकेआर) की ओर से खेल रहे हैं। उन्हें पहले सीजन में लगभग 3.5 करोड़ रुपए मिले थे। इसके बाद शानदार प्रदर्शन के बाद उनकी सैलरी में बड़ा उछाल आया। 2018 से 2021 के बीच हर सीजन में उन्हें 12.5 करोड़ रुपए मिले। पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इस कारण टीम ने उन्हें मौजूदा सीजन के लिए 6 करोड़ रुपए में रिटेन किया है. उन्हें बतौर सैलरी अब तक लगभग 101 करोड़ रुपए मिले हैं।

वहीं ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह संन्यास लेने के कारण अब खेलते नहीं दिखेंगे। हरभजन ने आईपीएल से करीब 58 करोड़ रुपए कमाये हैं। इसके अलावा हरभजन ने मुंबई इंडियंस की ओर से भी खेला है। वहीं तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने सैलरी के तौर पर लगभग 52 करोड़ रुपए कमाए हैं। वे पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद में शामिल थे। उन्हें पिछले सीजन में 8.5 करोड़ रुपए मिले थे। वे 2009 से लीग में उतर रहे हैं हालांकि मौजूदा सीजन के लिए टीम ने उन्हें रिटेन नहीं किया है। ऐसे में उन्हें मेगा ऑक्शन में उतरना होगा। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं पर इस बार संन्यास के कारण इसमें नजर नहीं आयेंगे। वह 2008 से लेकर 2020 तक टी20 लीग में उतरे। उन्हें बतौर वेतन करीब 48 करोड़ रुपए मिले हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने करीब 47 करोड़ रुपए कमाये हैं।

# दिसंबर में भारत का पाम तेल आयात घटकर 5.44 लाख टन पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। खाद्य तेल निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने कहा कि भारत का पाम तेल आयात दिसंबर, 2021 में 29.15 प्रतिशत घटकर 5.44 लाख टन रहा, लेकिन इसके साथ ही आरबीडी पामोलिन का आयात बढ़ने से घरेलू रिफाइनरियों के अस्तित्व को खतरा हो गया है। दुनिया के प्रमुख वनस्पति तेल खरीदार देश भारत ने दिसंबर 2020 में 7,68,392 टन पाम तेल का आयात किया था। दिसंबर, 2021 में पाम तेल का आयात घटकर 5,44,343 टन रह गया। दिसंबर, 2021 में देश का कुल वनस्पति तेल आयात 10 प्रतिशत घटकर 12.26 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 13.56 लाख टन था। देश के कुल वनस्पति तेल आयात में पाम का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक है। एसईए के अनुसार, आरबीडी पामोलिन के आयात में वृद्धि हुई है जिससे घरेलू रिफाइनर प्रभावित होगी। आरबीडी पामोलीन पर आयात शुल्क में कमी के बाद आरबीडी पामोलिन और कच्चे पाम तेल (सीपीओ) की कीमतों में भारी असमानता है।

एसईए ने कहा कि सीपीओ पर आयात शुल्क में एक साथ कमी किए बिना (रिफाइंड) पामोलिन पर प्रभावी आयात शुल्क को 19.25 प्रतिशत से घटाकर 13.75 प्रतिशत करने से सीपीओ के बजाय रिफाइंड पामोलिन के आयात में वृद्धि होने की संभावना है। घरेलू रिफाइनर के लिए सीपीजो कच्चा माल है। एसईए ने कहा कि चूंकि मार्च, 2022 तक आरबीडी पामोलिन को कम शुल्क पर स्वतंत्र रूप से आयात करने की अनुमति दी गई है,इसकारण जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान लगभग 10 से 12 लाख टन आरबीडी पामोलिन का आयात होने की उम्मीद है,इससे सीपीओ का आयात प्रभावित होगा। सीपीओ के प्रसंस्करण में 6,000 से 8,000 रुपये प्रति टन का खर्च आता है। इसकारण प्रस्करणकर्ता कंपनियों को अपनी रिफाइनरियां बंद करनी पड़ सकती हैं। एसईए के आंकड़ों से पता चलता है कि पाम तेल उत्पादों में, सीपीओ का आयात दिसंबर, 2021 में 29.59 प्रतिशत घटकर 5.28 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की अवधि में 7.48 लाख टन था।

# माली पर प्रतिबंध के लिए संयुक्त राष्ट्र के समर्थन को रूस और चीन ने बाधित किया

संयुक्त राष्ट्र (ईएमएस)। रूस और चीन ने माली में अगले माह होने वाले चुनाव को 2026 तक टालने के फैसले के कारण देश पर नए प्रतिबंधों का समर्थन करने से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को मंगलवार को रोक दिया। माली के सैन्य नेतृत्व का चुनाव टालने का फैसला संकटग्रस्त पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र में लोकतंत्र बहाली के लिए एक झटका है।

संयुक्त राष्ट्र में केन्या के राजदूत मार्टिन किमानी ने कहा कि प। अफ्रीकी क्षेत्रीय समूह इकोवास द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का समर्थन करने वाले, फ्रांस द्वारा तैयार प्रस्तावित मसौदा बयान पर गोपनीय तरीके से हुई चर्चा के बाद वह इस बात से निराश हैं कि परिषद इससे सहमत नहीं हुई।

किमानी ने कहा इकोवास की कार्रवाइयों का समर्थन करने में सुरक्षा परिषद की विफलता के कारण उसके तीन अफ्रीकी सदस्यों केन्या, घाना और गैबॉन को क्षेत्रीय गुट की स्थिति का पूरी तरह से समर्थन करने के वास्ते संवाददाताओं से बात करनी पड़ी। माली 2012 के बाद से इस्लामी चरमपंथ को रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है। एक फ्रांसीसी नेतृत्व वाले सैन्य अभियान की मदद से चरमपंथी विद्रोहियों को माली के उत्तरी शहरों से उखाड़ फेंका गया था, लेकिन वे रेगिस्तान में फिर से इकट्ठा हो गए और माली की सेना और उसके सहयोगियों पर हमले शुरू कर दिए। नागरिकों और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों पर हमलों से असुरक्षा और बढ़ गई है।

# दक्षेस बंदी आदान-प्रदान समझौते के तहत भारतीय बंदियों को छोड़ेगा श्रीलंका

कोलंबो (ईएमएस)। दक्षेस बंदी आदान-प्रदान समझौते के तहत श्रीलंका उम्रकैद की सजा काट रहे दो भारतीय कैदियों को देश वापस करेगा। जेल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि विधि मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव ने कारागार विभाग के महाआयुक्त को दो भारतीय नागरिकों को रिहा करने को कहा है। दोनों भारतीय बंदियों की निजता की रक्षा करने के लिहाज से उनके नामों का खुलासा नहीं करते हुए बताया, आज और कल (बुधवार और बृहस्पतिवार) उन्हें कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय पुलिस अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैदियों में से एक को जहर, अफीम और खतरनाक मादक पदार्थ (संशोधन) कानून के तहत मादक पदार्थों के आयात और उस रखने के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई थी और वह 12 साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। दूसरा कैदी खतरनाक मादक पदार्थ कानून के तहत पिछले छह साल से जेल में बंद है। भारत-श्रीलंका के बीच सजायाफ्ता कैदियों के स्थानांतरण संबंधी द्विपक्षीय समझौता जून, 2010 में हुआ था। इसके बाद दोनों देशों के बीच कैदियों के आदान-प्रदान का रास्ता साफ हो गया।

# रिहायशी भूखंड आज भी दे रहे ज्यादा लाभ, अपार्टमेंट की तुलना में

मुंबई (ईएमएस)। निवेश के लिहाज से रिहायशी भूखंड आज भी अपार्टमेंट खरीदने से बेहतर है। यह बात देश के आठ बड़े शहरों में वर्ष 2015 से आवासीय भूखंड की कीमतों में वृद्धि से साफ होता है। रिपोर्ट में यह कहा गया है। मकान, जमीन आदि के बारे में जानकारी देने वाली एजेंसी के अनुसार, रिहायशी भूखंडों की कीमतों में 2015 से सालाना औसतन सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जबकि इस अवधि के दौरान अपार्टमेंट में सालाना दो प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है। देश में रिहायशी भूखंड अपार्टमेंट खरीदने से बेहतर है। भूखंडों से रिटर्न 2015 से अपार्टमेंट के मुकाबले अधिक है। इसमें जिन आठ शहरों को शामिल किया गया है, वे हैं ...राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद।

एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि रिहायशी भूखंड से निवेश पर ज्यादा रिटर्न मिला है। इसका एक कारण बड़े शहरों में बड़े भूखंडों की कमी से जमीन की सीमित आपूर्ति है। उन्होंने कहा, कोरोना महामारी के दौरान जमीन और स्वतंत्र मंजिल (इंडिपेंडेंट फ्लोर) पर बने मकानों की मांग में जोरदार इजाफा हुआ है। कंपनियां बड़े शहरों के बाहरी क्षेत्रों में इस तरह की परियोजनाओं को शुरू कर इस मांग में आई वृद्धि को पूरा करने की कोशिश कर रही हैं।''

उक्त आठ शहरों में लोग भूखंड के बजाय अपार्टमेंट खरीदने को तरजीह दे रहे हैं। फ्लैट पसंद करने के पीछे सुरक्षा और वैकल्पिक बिजली की बेहतर व्यवस्था, कार पार्किंग, क्लब, जिम, स्विमिंग पूल तथा गार्डन एरिया सहित अन्य सुविधाएं प्रमुख कारण हैं। गुरुग्राम के प्रमुख इलाकों और दक्षिण भारत के प्रमुख बड़े शहरों हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में विशेष रूप से 2018 के बाद आवासीय जमीन की कीमतों में दहाई अंक में वृद्धि हुई है। इन शहरों में जमीन की कीमतें 13-21 प्रतिशत की दर में बढ़ी हैं, वहीं पिछले तीन साल में अपार्टमेंट की कीमतों में वृद्धि 2-6 प्रतिशत के दायरे में बनी हुई हैं।''

# न्यू साउथ वेल्स में एक दिन में कोरोना से रिकॉर्ड मौतें

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक आबादी वाले शहर न्यू साउथ वेल्स में बुधवार को कोरोना वायरस के कारण 21 और लोगों की मौत हुई, जो संक्रमण के कारण अब तक की सर्वाधिक दैनिक मृतक संख्या है। इससे पहले सर्वाधिक दैनिक मृतक संख्या सोमवार को दर्ज की गई थी। सोमवार को 18 लोगों की मौत संक्रमण के कारण हुई थी। राज्य में संक्रमण के 34,759 नए मामले सामने आए हैं और 2,242 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। न्यू साउथ वेल्स में रैपिड एंटीजन जांच की जानकारी मुहैया कराना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य के प्रीमियर डोमिनिकट पेरोटेट ने कहा कि जो लोग रैपिड एंटीजन जांच में संक्रमित पाए जाने के बाद इस संबंध में जानकारी मुहैया नहीं कराएंगे, उन्हें अगले सप्ताह से एक हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जुर्माना भरना होग। इस बीच विक्टोरिया में बुधवार को संक्रमण के 40,127 नए मामले सामने आए तथा 21 और लोगों की मौत हुई।

# सोने, चांदी में तेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू बाजार में सोने और चांदी में तेजी आई है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 228 रुपये बढ़कर 46,812 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,584 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं चांदी की कीमत भी 271 रुपये के लाभ के साथ 59,932 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 59,661 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव हल्की गिरावट के साथ ही 1,818 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी 22.70 डॉलर प्रति औंस पर बनी रही।

# किम जोंग उन ने हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण किया

सियोल (ईएमएस)। उत्तर कोरिया ने कहा है, कि देश के नेता किम जोंग उन ने हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण का निरीक्षण किया।तानाशाह का दावा है कि इससे देश के परमाणु ''युद्ध से बचाव'' की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। खबर से एक दिन पहले अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान की सेनाओं ने कहा था कि उन्हें पूर्वी समुद्र में उत्तर कोरिया द्वारा एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किए जाने का पता चला है। अब रिपोर्ट में कहा गया हैं,कि मंगलवार के प्रक्षेपण में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल शामिल था, जिसने रॉकेट बूस्टर से छोड़े जाने के बाद 1000 किलोमीटर दूर समुद्र में एक लक्ष्य को मार गिराने से पहले ''ग्लाइड जंप फ्लाइट'' और ''कॉर्कस्क्रू करतब'' का प्रदर्शन किया। एक नुकीले शंकु के आकार के पेलोड के साथ एक मिसाइल को आसमान में उड़ते देखा गया, जो नारंगी रंग की लपटों का निशान छोड़ रही थी और किम शीर्ष अधिकारियों के साथ एक छोटे से केबिन से देख रहे थे।

यह उत्तर कोरिया द्वारा एक सप्ताह में कथित हाइपरसोनिक मिसाइल की श्रेणी में दूसरा परीक्षण था। इससे पहले उसने पहली बार सितंबर में हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया था। किम ने अपने सैन्य वैज्ञानिकों और हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली को विकसित करने में शामिल अधिकारियों की उपलब्धियों की प्रशंसा की, जिसे उन्होंने उत्तर कोरिया की सैन्य शक्ति के निर्माण के लिए 2021 की शुरुआत में घोषित एक नयी पंचवर्षीय योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका उत्तर कोरिया के हालिया प्रक्षेपण की निंदा करता है, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों का उल्लंघन है और पड़ोसियों एवं व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा पैदा करता है।

अमेरिका हिंद प्रशांत कमान ने कहा कि इस परीक्षण ने ''(उत्तर कोरिया के) अवैध हथियार कार्यक्रम'' को उजागर किया है, लेकिन अमेरिकी क्षेत्र या उसके सहयोगियों के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया की मिसाइल ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर समुद्र में उतरने से पहले 700 किलोमीटर की उड़ान भरी।

# इस साल शेयर बाजार का लाभ सीमित रहेगा

मुंबई (ईएमएस)। ब्रोकरेज कंपनी बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) सिक्योरिटीज इंडिया ने कहा है कि भारतीय शेयर बाजार में वर्ष, 2020 के मध्य से जारी तेजी का दौर शायद जारी न रह पाए क्योंकि नए साल में सुधारों के कई दौर देखने को मिलेंगे। ब्रोकरेज फर्म ने हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय बाजार वर्ष 2022 में मौजूदा स्तर से करीब नौ प्रतिशत तक बढ़ सकता है और निफ्टी के दिसंबर आ?खिर तक 19,000 के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, उसने बीएसई सूचकांक सेंसेक्स के बारे में कोई पूर्वानुमान नहीं जताया है। बोफा सिक्योरिटीज के एक शोध विश्लेषक ने कहा कि जून, 2020 से शुरू होकर अक्टूबर, 2021 तक चला बाजार में तेजी का दौर शायद इस साल कायम नहीं रह पाए और बाजार का रिटर्न नौ प्रतिशत तक सीमित रह सकता है। उन्होंने कहा कि निफ्टी दिसंबर, 2022 के अंत में 19,100 अंक पर रह सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय शेयर बाजार का मूल्यांकन उभरते बाजारों के अनुपात में करीब 28 फीसदी अधिक है जबकि वैश्विक बाजारों की तुलना में यह 22 प्रतिशत ज्यादा है। इसके बावजूद घरेलू कंपनियों के शेयर आकर्षक बने रहेंगे और यह ताइवान के बाद दूसरा सबसे ज्यादा रिटर्न दे सकता है। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रॉन की वजह से महामारी की नई लहर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा खतरा पेश कर रही है। ऐसी स्थिति में केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए तरलता सुविधा को उम्मीद से कहीं जल्द सख्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जून से नीतिगत दरों मे 0.25 प्रतिशत की कम-से-कम चार बार वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77 प्रति डॉलर के स्तर तक जा सकता है।

# अमेरिका में बढ़े कोरोना के मामले, चीन ने अमेरिकी उड़ानों के प्रवेश पर लगा दी रोक

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी विमान कंपनियों ने कहा है कि चीन ने एक दर्जन से अधिक उड़ानों के देश में प्रवेश करने पर रोक दिया है। चीन पहले से ही सख्त कोविड-19 यात्रा प्रतिबंधों को और कड़ा कर रहा है। विमानन क्षेत्र के प्राधिकारियों के अनुसार,दिसंबर के अंत में चीन आने वाली उड़ानों में कुछ यात्रियों में कोरोना की पुष्टि के बाद देश ने उड़ानें रद्द करने का आदेश दिया।जनवरी के अंत और फरवरी की शुरुआत में डलास-फोर्ट वर्थ से शंघाई के लिए उसकी छह उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। यूनाइटेड एयरलाइंस ने कहा कि उस महीने के अंत में सैन फ्रांसिस्को से शंघाई के लिए निर्धारित छह उड़ानों को रद्द करना पड़ा। एयरलाइंस' ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह उड़ान रद्द की और शुक्रवार को शंघाई के लिए एक और उड़ान रद्द की है।

'एयरलाइंस फॉर अमेरिका ने कहा कि यात्रियों पर कम से कम असर पड़े, इसका रास्ता तलाशने के लिए वह अमेरिका और चीन सरकार के अधिकारियों से बात कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इस घटनाक्रम पर टिप्पणी नहीं की है। कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए बनाए नियमों को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रोका जाना ताजा घटनाक्रम है।

# भारत ने घरेलू चीनी सब्सिडी पर डब्ल्यूटीओ समिति के फैसले के खिलाफ अपील की

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत ने घरेलू चीनी सब्सिडी पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के व्यापार विवाद समाधान समिति के फैसले के खिलाफ अपील की और कहा है कि समिति ने कानून से जुड़ी कुछ गलतियां की हैं। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि भारत ने उसके अपीलीय निकाय के समक्ष अपील की है। व्यापार संबंधी विवादों में यह आ?ख्रिरी निर्णायक संस्था है। डब्ल्यूटीओ ने कहा ?कि भारत ने विवाद निपटान निकाय के निर्णय के खिलाफ अपील की सूचना दी है। व्यापार विवाद समाधान समिति ने यह फैसलाइ भारत में चीनी पर दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला की अपीलों पर दिया था। हालांकि इस समय अपीलीय निकाय सक्रिय स्थिति में नहीं है। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि उसके सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बनने से अपीलीय निकाय की भर्तियां भरी नहीं जा सकी हैं। ऐसी स्थिति में भारत की अपील पर फौरन कोई निर्णय हो पाना संभव नहीं है। विवाद निपटान समिति ने ??पिछले साल 14 दिसंबर को अपने फैसले में भारत को घरेलू स्तर पर चीनी पर दी जाने वाली सब्सिडी हटाने का सुझाव दिया था। उसने कहा था कि सरकारी समर्थन देना डब्ल्यूटीओ के व्यापार नियमों के अनुकूल नहीं है। इस फैसले के खिलाफ की गई अपील में भारत ने कहा है कि समाधान समिति के निर्णय एवं निष्कर्ष को पलट देना चाहिए क्योंकि इसमें कानून या कानूनी व्याख्या की खामियां रही हैं। भारत ने चीनी उत्पादन सत्र 2019-20 के लिए चीनी के निर्यात पर अंतरराष्ट्रीय एवं आंतरिक परिवहन और ढुलाई भाड़े की लागत पर चीनी मिलों को सरकारी समर्थन की योजना चलाई थी। ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया एवं ग्वाटेमाला ने इस कदम को डब्ल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ बताया था।

# संयुक्त राष्ट्र ने सुली डील मामले में चिंता जाहिर की

जिनेवा (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र के विशेष अधिकारी ने कहा है कि सुली डील जैसे सोशल मीडिया एप के द्वारा भारत में मुस्लिम महिलाओं के उत्पीड़न की निंदा होना चाहिए और ऐसी घटनाएं होते ही जल्द से जल्द मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अल्पसंख्यक मामलों पर विश्व निकाय के विशेष अधिकारी डॉ फर्नांड डे वारेनेज ने भारत में अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर चिंता जताकर कहा, भारत में सोशल मीडिया एप पर मुस्लिम महिलाओं का उत्पीड़न किया जा रहा है और उनकी बिक्री की जा रही है।भारत में अल्पसंख्यक मुस्लिम महिलाओं को जातीय घृणा से प्रेरित सामग्री के रूप में सुली डील्स जैसे सोशल मीडिया एप पर उत्पीड़ित एवं बिक्री की जा रही है। अल्पसंख्यकों के सभी मानवाधिकार पूरी तरह से एवं बराबरी के आधार पर संरक्षित होने चाहिए।

दिल्ली पुलिस ने पिछले हफ्ते 26 वर्षीय ओंकारेश्वर ठाकुर को इंदौर से गिरफ्तार किया। जिस सुली डील्स का निर्माता माना जा रहा है। यह इस मामले में पहली गिरफ्तारी है। सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं को उनकी अनुमति के बिना, छेड़छाड़ की गई उनकी तस्वीरों के साथ मोबाइल ऐप्लिकेशन पर नीलामी के लिए सूचीबद्ध किया गया था। बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन डिग्री धारक ठाकुर ने स्वीकार किया कि वह ट्विटर पर एक समूह का सदस्य था और मुस्लिम महिलाओं को बदनाम करने और ट्रोल करने का विचार वहां साझा किया गया था। एक अलग बुली बाई मामले में, दिल्ली पुलिस ने एक जनवरी को पत्रकार की तरफ से की गई ऑनलाइन शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। 'बुली बाई एप से जुड़ा हुआ था जिसमें मुस्लिम महिलाओं की तस्वीर नीलामी के लिए डालकर उन्हें निशाना बनाया गया था।

# सरकार ने कहा- पिछले साल अक्टूबर से खाने के तेल की कीमतें हुईं कम

\- आयात शुल्क में कमी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने से कीमतों को कम करने में ?मिली मदद

मुंबई (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने कहा ?कि देशभर में खाने के तेलों की खुदरा कीमतें वैश्विक बाजार के अनुरूप एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में अ?धिक हैं लेकिन अक्टूबर, 2021 के बाद से इनमें गिरावट का रुझान देखा गया है। 167 मूल्य संग्रह केंद्रों के रुझान के अनुसार देशभर के प्रमुख खुदरा बाजारों में खाने के तेलों की खुदरा कीमतों में 5-20 रुपए प्रति किलोग्राम की भारी गिरावट आई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को मूंगफली तेल का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 180 रुपए प्रति किलो, सरसों तेल का 184.59 रुपए प्रति किलो, सोया तेल का 148.85 रुपए प्रति किलो, सूरजमुखी तेल का 162.4 रुपए प्रति किलो और पाम तेल का 128.5 रुपए प्रति किलो था। आंकड़ों में दर्शाया गया है कि एक अक्टूबर, 2021 को प्रचलित कीमतों की तुलना में, मूंगफली और सरसों के तेल की खुदरा कीमतों में 1.50-3 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है, जबकि सोया और सूरजमुखी के तेल की कीमतें अब 7-8 रुपए प्रति किलोग्राम नीचे आ चुकी हैं। मंत्रालय के मुताबिक अडाणी विल्मर और रुचि समेत प्रमुख खाने के तेल कंपनियों ने कीमतों में 15-20 रुपए प्रति लीटर की कटौती की है।

जिन अन्य कंपनियों ने खाद्य तेलों की कीमतों में कमी की है, वे हैं जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया, हैदराबाद, मोदी नैचुरल्स, दिल्ली, गोकुल री-फॉयल एंड सॉल्वेंट, विजय सॉल्वेक्स, गोकुल एग्रो रिसोर्सेज और एन के प्रोटीन्स। उसने कहा है ?कि अंतरराष्ट्रीय जिंस की कीमतें अधिक होने के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों की सक्रिय भागीदारी में साथ हस्तक्षेप से खाद्य तेलों की कीमतों में कमी आई है। खाने के तेल की कीमतें एक साल पहले की अवधि की तुलना में अधिक हैं लेकिन अक्टूबर से ये नीचे आ रही हैं। इसमें कहा गया है कि आयात शुल्क में कमी और जमाखोरी पर अंकुश को स्टॉक की सीमा लगाने जैसे अन्य कदमों से सभी खाद्य तेलों की घरेलू कीमतों को कम करने में मदद मिली है और उपभोक्ताओं को राहत मिली है। भारत खाद्य तेलों के सबसे बड़े आयातकों में से एक है क्योंकि इसका घरेलू उत्पादन इसकी घरेलू मांग को पूरा करने में असमर्थ है। देश में खाने के तेलों की खपत का लगभग 56-60 प्रतिशत आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक उत्पादन में कमी और निर्यातक देशों द्वारा निर्यात कर, लेवी में वृद्धि के कारण खाने के तेलों की अंतरराष्ट्रीय कीमतें दबाव में हैं। इसलिए खाद्य तेलों की घरेलू कीमतें आयातित तेलों की कीमतों से तय होती हैं।

# विश्व बैंक ने इस साल के लिए वैश्विक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

वाशिंगटन (ईएमएस)। विश्व बैंक ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप के बढ़ते मामलों, सरकारी आर्थिक समर्थन में कमी और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में मौजूद गतिरोधों की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अपना परिदृश्य घटा दिया है। दुनिया के 189 देशों के संगठन विश्व बैंक ने कहा कि वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर आर्थिक वृद्धि दर 4.1 फीसदी रहने का अनुमान है जबकि जून, 2021 में उसने इसके 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। यह पूर्वानुमान वर्ष, 2021 में वैश्विक वृद्धि के 5.5 फीसदी के अनुमान से भी काफी कम है। विश्व बैंक ने अपनी वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस साल 3.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले साल के 5.6 प्रतिशत की तुलना में काफी कम है। इसी तरह 2021 में आठ फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज वाले चीन के 2022 में 5.1 फीसदी से बढ़ने की उम्मीद है। यूरोपीय देशों के समूह के इस साल सामूहिक तौर पर 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना विश्व बैंक ने जताई है जबकि पिछले साल यह 5.2 फीसदी थी। हालांकि जापान की वृद्धि दर इस साल 2.9 प्रतिशत रह सकती है जो पिछले साल के 1.7 फीसदी से अधिक होगी। विश्व बैंक के मुताबिक उभरती अर्थव्यवस्थाओं एवं विकासशील देशों के वर्ष, 2022 में सामूहिक तौर पर 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है जबकि पिछले साल यह वृद्धि दर 6.3 फीसदी रही। विश्व बैंक ने कहा ?कि विश्व अर्थव्यवस्था कोविड-19 की चुनौती, मुद्रास्फीति एवं नीतिगत अनिश्चितता का सामना कर रही है। सरकारी खर्च एवं मौद्रिक नीतियों में भी कुछ अनिश्चितता देखी जा रही है।

# ब्रह्मांड के दो ग्रहों पर होती है हीरों की बारिश, इंसान का पहुंचना मुमकिन

\- वैज्ञानिकों का दावा, इन ग्रहों पर हीरों की बारिश के पीछे एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है

वाशिंगटन (ईएमएस)। हमारे सौर मंडल में वैसे तो आठ ग्रह हैं लेकिन ज्यादातर सुर्खियों में मंगल, बृहस्पति और शनि जैसे विशालकाय ग्रह ही रहते हैं। ऐसे में यूरेनस और नेपच्यून जैसे कुछ ग्रहों, जो सौर मंडल के कोने में स्थित हैं, को कई बार नजरअंदाज कर दिया जाता है लेकिन अगर इन गैसीय ग्रहों के मौसम के बारे में जानेंगे तो पता चलेगा कि ये निर्जन पड़े कई दूसरे ग्रहों से ज्यादा खास हैं। वैज्ञानिकों का दावा है कि इन ग्रहों पर हीरों की बारिश होती है और इसके पीछे एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ सकते हैं लेकिन इसके पीछे किसी तरह का फिक्शन नहीं बल्कि साइंस काम करता है। दरअसल इन दोनों ग्रहों पर ऐसा हाइड्रोजन, हीलियम और मीथेन जैसी गैसें मौजूद हैं। यहां वातावरणीय दबाव काफी ज्यादा है जो हाइड्रोजन और कार्बन बॉन्ड को तोड़कर अलग कर देता है और कार्बन हीरे के रूप में धरती पर बरसता है।

वैज्ञानिकों ने एक प्रयोग के आधार पर ये दावे किए हैं। यूरेनस और नेपच्यून का आकार और संरचना से काफी अलग है। यूरेनस पृथ्वी से 17 गुना तो नेपच्यून 15 गुना बड़ा है। यूरेनस पर मीथेन गैस मौजूद है जिसका रासायनिक नाम सीएच है। वातावरण के दबाव के चलते इससे हाइड्रोजन (एच) अलग हो जाता है और कार्बन (सी) हीरे का रूप ले लेता है। यह प्रक्रिया ठीक उसी प्रकार है जैसे पृथ्वी पर वायुमंडलीय दबाव के चलते जलवाष्प की प्रक्रिया होती है और बादल व ओले बनते हैं। वही नेपच्यून पर जमी हुई मीथेन गैस पाई जाती है जिसके बादल यहां उड़ते हैं। नेपच्यून की दूरी सूर्य से सबसे ज्यादा है जिसकी वजह से यहां तापमान -200 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। यहां चलने वाली हवाओं की रफ्तार करीब 2500 किमी/घंटा है और वायुमंडल में संघनित कार्बन होने के चलते यहां हीरों की बारिश देखने को मिलती हैं। हालांकि अगर इंसान चाहे भी तो अत्याधिक दूरी और चरम परिस्थितियों की वजह से इन ग्रहों पर पहुंच कर हीरों को हासिल नहीं कर सकता। कुछ वैज्ञानिकों के अनुसार शनि ग्रह पर भी हीरों की बारिश होती है क्योंकि यहां भी मीथेन गैस के बादल मौजूद हैं। बादलों से स्पेस की विद्युत ऊर्जा टकराती है और कार्बन अणु टूटकर अलग हो जाता है। हालांकि यह नीचे आने पार चमकदार हीरे के बजाय उच्च तापमान और वायुमंडलीय दबाव के चलते कड़े ग्रेफाइट में बदल जाता है।

# गुजरात में कोरोना के दैनिक केस 9941, 4 मरीजों की मौत, 3449 लोग ठीक होकर घर लौटे

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में कोरोना के दैनिक केसों की संख्या 10 हजार के करीब पहुंच गई हैं। बुधवार राज्यभर में कोरोना के 9941 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 4 मरीजों की मौत हो गई। जबकि 3449 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। बुधवार को राज्य में 3.02 लाख से अधिक नागरिकों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना के सबसे अधिक 3843 मामले अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में दर्ज हुए हैं। वहीं सूरत कॉर्पोरेशन में 2505, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 776, राजकोट कॉर्पोरेशन में 319, सूरत में 265, वलसाड में 218, भरुच में 217, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 150, नवसारी में 147, भावनगर कॉर्पोरेशन में 130, कच्छ में 105, मोरबी में 102, आणंद में 98, गांधीनगर में 94, खेडा में 94, वडोदरा में 86, जामनगर कॉर्पोरेशन में 77, मेहसाणा में 63, अहमदाबाद में 61, देवभूमि द्वारका में 56, राजकोट में 56, बनासकांठा में 53, पाटन में 49, जूनागढ़ कॉर्पोरेशन में 39, गिर सोमनाथ में 38, साबरकांठा में 35, सुरेन्द्रनगर में 34, दाहोद में 30, अमरेली में 26, भावनगर में 26, पंचमहल में 26, जामनगर में 24, महीसागर में 20, नर्मदा में 20, तापी में 19, पोरबंदर में 14, जूनागढ़ में 11, अरवल्ली में 7, डांग में 5, बोटाद में 2 और छोटाउदेपुर में 1 समेत राज्यभर में कोरोना के कुल 9941 नए केस दर्ज हुए हैं। जबकि 3449 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया। राज्य में अब तक 831855 नागरिक कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। सूरत कॉर्पोरेशन में आज 2, वलसाड में 1 और राजकोट में 1 समेत राज्य में चार मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। राज्य में कोरोना का मृतांक 10137 पर पहुंच गई हैं। फिलहाल राज्य में 43726 कोरोना के सक्रिय मरीज हैं, जिसमें 43675 स्टेबल हैं और 51 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं। बुधवार को राज्यभर में 302033 नागरिकों को वैक्सीनेट किया गया। जिसमें 40 हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को पहला और 840 को दूसरा डोज दिया गया। 45 वर्ष से अधिक 10332 को पहला और 24468 लोगों को कोरोना का दूसरा डोज दिया गया। 18 से 45 वर्ष आयु समूह के 53538 को कोविड की पहली और 65036 लोगों को दूसरी वैक्सीन लगाई गई। 15 से 18 वर्षीय 46650 किशोरों को कोरोना का पहला टीका लगाया गया। जबकि 101129 नागरिकों को प्रिकोशन डोज लगाया गया। राज्य में अब तक 9 करोड़ 41 लाख 33 हजार 701 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका हैं।

## गुजरात विधानसभा के उपाध्यक्ष जेठा भरवाड पर वन विभाग की जमीन हड़पने का आरोप

पंचमहल (ईएमएस) गुजरात विधानसभा के उपाध्यक्ष जेठा भरवाड पर वन विभाग की जमीन पर गैरकानूनी कब्जा कर मकान बनवाने का आरोप लगा हैं। यह आरोप पंचमहल जिले की शहेरा तहसील पंचायत में विपक्ष के नेता ने लगाया हैं। विपक्ष के नेता का आरोप है कि जेठा भरवाड ने शहेरा के चांदणगढ़ गांव स्थित वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने के बाद उस पर मकान का निर्माण करवाया हैं। जमीन पर दो मंझिला मकान के साथ ही गार्डन, पक्की सड़क और पानी की टंकी भी बनाई गई हैं। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से लिखित पेशकश कर कार्यवाही करने की मांग की हैं। गुजरात विधानसभा की अध्यक्षा डॉ. नीमाबेन आचार्य ने इस संदर्भ में बताया कि मामले की जांच करेंगे और जांच के बाद सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। दूसरी ओर जेठा भरवाड ने जमीन हड़पने का आरोप खारिज कर दिया हैं। जिस व्यक्ति ने मुझ पर आरोप लगाया है कि वह खुद आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है और उसकी मैंने ट्रेनिंग स्कूल बंद करवाई थी। जिसकी रंजिश में मुझे बदनाम करने के उद्देश्य से मुझ पर झूठा आरोप लगाया हैं।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई

# सरकार १००० बस की खरीदी करेगी, ५०० सुपर एक्सप्रेस बस आवंटित कराई जाएगी

### राज्य के १६०० किमी का लंबा समुद्री किनारे को पर्यटन स्थल के साथ कनेक्ट करने के लिए कोस्टल हाइवे बनाया जाएगा

गांधीनगर, १२ जनवरी।

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई थी। इस बैठक में राज्य में कोरोना की स्थिति सहित कई मुद्दे पर चर्चा की गई थी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्व के निर्णय भी लिए गए हैं। बैठक बाद राज्य के शिक्षा मंत्री और सरकार के प्रवक्ता जीतू वाघाणी ने कैबिनेट ने लिए निर्णय की जानकारी दी थी।

कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णयों पर मीडिया के साथ बात करते हुए जीतू वाघाणी ने कहा कि, मुख्यमंत्री ने कोरोना मामले में चर्चा की है। राज्य सरकार कोरोना के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार है। राज्य सरकार कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। इसके साथ वाइब्रें समिट भी रद्द कर दिया गया है। राज्य के लोगों को कोई मुश्किल नहीं आये इसके लिए सरकार ने १००० नई बसें खरीदने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने बसों को खरीदने का प्रस्ताव मंजूर किया है। इसके साथ ५०० सुपर एक्सप्रेस बसें आवंटित कराने का निर्णय लिया गया है। २०० स्लीपर कोच बस भी आवंटित कराई जाएगी। जीतू वाघाणी ने बताया कि, मध्य गुजरात और दक्षिण गुजरात को जोड़ने के लिए नया कॉरिडोर बनाया जाएगा। भरूच में नेशनल हाइवे ८ पर ट्रैफिकजाम की समस्या दूर करने के लिए और एक पुल बनाने का निर्णय लिया गया है। सूरत गैस कांड पर बात करते हुए वाघाणी ने बताया है कि, इस घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। भविष्य में इस प्रकार की घटना नहीं हो इसके लिए सरकार अलर्ट है। कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए सरकार के प्रवक्ता ने बताया है कि, राज्य में १६०० किमी का लंबा समुद्री किनारा स्थित है। इसे पर्यटन स्थल के साथ कनेक्ट करने के लिए कोस्टल हाइवे बनाया जाएगा। इसके लिए २४४० करोड़ रुपये का खर्च होगा।

### केटरिंग-मंडप सर्विस के ५० फीसदी ऑर्डर रद्द हुए

# शादी में १५० लोगों की उपस्थिति का नियम आने पर व्यापारी मुश्किल में

### उत्तरायण बाद शादी की सीजन शुरू हो रही है और अब सरकार के नए निर्णय की वजह से समस्या पैदा हो गई है

राजकोट, १२ जनवरी।

गुजरात सहित देश में कोरोना की तीसरी लहर शुरू हो गई है। राज्य में पिछले कई दिनों से कोरोना संक्रमण के केस में काफी उछाल आ रहा है। इस बीच राज्य सरकार ने नए प्रतिबंधों को लागू कर दिया है।

गुजरात सरकार ने मंगलवार को जारी की गई नई गाइडलाइन के अनुसार अब शादी प्रसंग में ज्यादा से ज्यादा १५० लोग उपस्थिति हो सकते हैं। सरकार के यह निर्णय बाद कई लोगों की चिंता बढ़ गई है। महत्वपूर्ण है कि उत्तरायण के बाद शादी की सीजन शुरू हो रही है और अब सरकार के नए निर्णय की वजह से समस्या पैदा हो गई है। राज्य सरकार ने शादी में सिर्फ १५० लोग ही उपस्थित हो सकते हैं ऐसी घोषणा के बाद कई लोग चिंतित हो गये हैं। महत्वपूर्ण है कि शादी के लिए पहले से कई तैयारियां करनी पड़ती है। जिस परिवार में शादी होना है वह परिवार भी फिलहाल दुविधा में हैं। क्योंकि अभी तक कंकोत्री भी दे दी गई है। इसके साथ शादी की सीजन में जिन लोगों को अपना धंधा अच्छा चलेगा ऐसी अपेक्षा थी उनको भी झटका लगा है। राज्य सरकार ने अचानक १५० लोगों की सीमा का नियम जारी करने पर राजकोट में केटरिंग और मंडप सर्विस के साथ जुड़े हुए व्यापारियों को भारी झटका लगा है। उनके ५० फीसदी जितने ऑर्डर रद्द हो गये हैं। ४०० की जगह पर अब सिर्फ १५० लोगों को मंजूरी दे सके यह निर्णय बाद कई लोगों ने ऑर्डर रद्द कर दिए हैं। इस मामले में जी २४ कलाके मंडप और केटरिंग के साथ जुड़े हुए लोगों के साथ बात की थी। एक मंडप सर्विस के संचालक और केटरिंग के व्यापारी ने बताया है कि, सरकार के निर्णय की वजह से ५० फीसदी ऑर्डर रद्द हो गये हैं। शादी के अंदर शाम को ७ से ९ के बीच कभी भी खाना पूरा नहीं होगा। कर्फ्यू का समय १० बजे का है। यदि इसके ज्यादा लेट हुआ तो पुलिस भी आ जाती है। अचानक यह निर्णय की वजह से छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हुआ है।

### दाणीलीमडा क्षेत्र में चलता था ड्रग्स का धंधा

# खुलेआम ही अहमदाबाद में ड्रग्स बेचता युवक गिरफ्तार

अहमदाबाद, १२ जनवरी।

अहमदाबाद एसओजी क्राइम ब्रांच द्वारा शहर के दाणीलीमडा क्षेत्र से हुसेन बशीर अहमद अंसारी नाम के शख्स की गिरफ्तारी की गई है। जिसकी ३२ ग्राम एमडी ड्रग्स के जत्थे के साथ गिरफ्तारी की गई है। सामान्य रूप से एसओजी ने जब्त किया यह ड्रग्स के जत्थे की इन्टरनेशनल मार्केट कीमत की गणना की जाए तो ३,२०,००० जितनी मानी जा रही है। एसओजी क्राइम ब्रांच ने पिछले कई महीनों से ड्रग्स का धंधा करने के घोटाले को पर्दाफाश किया है। आरोपी लइक हुसैन शहर में एक शाहरूख नाम के एक व्यक्ति से एमडी ड्रग्स का जत्था बेचने के लिए लाये होने की कबूलात की है। अब फिलहाल पुलिस ने यह शाहरूख नाम का शख्स कौन है इसे ढूंढने के लिए कवायद शुरू कर दी है। ३१ ग्राम एमडी ड्रग्स के जत्थे के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी हुसैन बशीर अंसारी दो बार पासा की सजा भी भुगत चुका है और सात से आठ बार मारपीट के अपराध में भी पहले गिरफ्तार हो चुका है। इसके अलावा आरोपी का बड़ा भाई भी ३९ किलो गांजा के जत्थे के साथ एसओजी क्राइम ने गिरफ्तार किया था। अब फिलहाल पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करके कहां से एमडी ड्रग्स लाया है और अभी तक में कितनी बार यह नशीला पदार्थ ला चुका है इसे लेकर गहन जांच शुरू कर दी है।

### इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी की गिरफ्तारी

# महिला दोस्त की जरूरत पूरी करने के लिए बैंक में की चोरी

### अहमदाबाद के कालुपूर में स्थित विजय कॉ ऑपरेटिव बैंक में नौ लाख से ज्यादा की चोरी की घटना हुई थी

अहमदाबाद, १२ जनवरी।

अहमदाबाद के कालुपूर में स्थित विजय कॉ ऑपरेटिव बैंक में वर्ष के अंतिम दिन में नौ लाख से ज्यादा की चोरी की घटना हुई थी। दरियापुर पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बैंक चोरी के अपराध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सामने आया कि चोरी करने वाला बैंक का ही प्यून और इसका दोस्त था। दोनों ने स्पा के बिजनेस और महिला दोस्त के लिए ९ लाख से ज्यादा रुपये की चोरी की थी। मिली जानकारी के अनुसार विमल पटेल और जावीद संधी नाम के दोनों व्यक्तियों ने बैंक में चोरी की थी। यह चोर गैंग ने अपराध को अंजाम देने के लिए नए वर्ष की शुरूआत होने से पहले ही चोरी का मास्टर प्लान किस तरीके से बनाया था। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ की तो खुद पुलिस भी चौंक गई थी। क्योंकि गिरफ्तार हुआ आरोपी विमल पटेल बैंक में चपरासी के तौर पर नौकरी करता था और जुआ खेलने का शौकीन था। जिसकी वजह से गोवा में कसीनो में जुआ खेलने जाने पर कर्जा कर लिया था। जिसकी वजह से कर्जा चुकाने के लिए बैंक में चोरी का प्लान किया था और कालुपूर क्षेत्र में स्थित विजय कॉ ऑपरेटिव बैंक में चोरी की थी। आरोपी विमल पटेल कई दिनों से विजय कॉ ऑपरेटिव बैंक में चपरासी के तौर पर नौकरी करता जिसकी वजह से नकद रकम कहां रहती है इसका ख्याल था। लेकिन खुद चोरी करने जाए तो पकड़े जाने का डर रहता था जिसकी वजह से विमल ने जावीद को अपने प्लान में शामिल किया। यह प्लान बनाकर विमल ने बैंक में हथौड़ा, बैंक की चाबी भी जावीद को दी थी। इतना ही नहीं जावीद नहीं पकड़ा जाए इसके लिए विमल ने चालाकी इस्तेमाल करके पहले से सीसीटीवी भी बंद कर दिया था। दूसरी तरफ चोरी करते समय आरोपी जावीद एक ही बैग ले गये होने से बैंक में कुछ नकद चोरी पड़ी हुई बाकी की रकम नहीं भर सका था और सिर्फ नौ लाख रुपये की नकद बैग में आने पर वह लेकर रवाना हो गया था।

### वैवाहिक रिश्तों का अजीब मामला सामने आया

# तलाक के बाद लिवइन में रहे महिला से दुष्कर्म के आरोप में शख्स निर्दोष

अहमदाबाद, १२ जनवरी।

अहमदाबाद में एकस्ट्रा मेरिटल अफेर्स का एक अजीब मामला सामने आया है। जिसमें ३ पति वाली महिला तलाक लिए बिना ही अन्य पुरूष के साथ लिवइन में रहने लगी थी। इस दौरान संबंध बनाने के बाद उनके बीच ब्रेकअप हो जाने पर उसने पुरूष पर बलात्कार का आरोप लगाया था।

हालांकि, पूरा मामला कोर्ट के समक्ष आने पर शादीशुदा पुरूष को अपने लिवइन पार्टनर के साथ ब्रेकअप करने के बाद इस पर लगाया गया बलात्कार के आरोप से निर्दोष बरी किया गया है। महिला ने तीन शादी की फिर भी वह इसके साथ एक वर्ष से ज्यादा समय तक रहती थी। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी ३० वर्षीय महिला है जिसने पहले तीन बार शादी की थी और अपने पतियों से किसी से तलाक नहीं लिया था। यह वर्ष २०१६ में आरोपी व्यक्ति के संपर्क में आई थी और २०१७ में इसके साथ रहने लगी थी। संबंध खत्म होने के बाद उसने आत्महत्या करने का प्रयास करने पर अस्पताल में भर्ती की गई थी, जहां वह बच गई थी और फरवरी २०१८ में उसने अपने साथी पर शादी का गलत वादा करके बलात्कार का आरोप लगाने पर नारोल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। ट्रायल के दौरान रिकॉर्ड पर आया है कि यह संबंध पहले महिला ने दो शादी की थी और इसकी तीसरी शादी २०१७ में हुई थी जबकि वह पुरूष के साथ संबंध में थी। कोर्ट ने ध्यान दिया कि इसने किसी भी शादी में तलाक नहीं लिया है। कोर्ट को कहा गया था कि इसकी अपने जीवनसाथी की वैवाहिक स्थिति से अवगत थी और जबकि इसकी पत्नी और ससुराल वालों को अफेयर मामले में जानकारी मिल गई तब समस्याएं शुरू हुई। कोर्ट को यह भी जानकारी मिली है कि, उसने पहले आत्महत्या करने का प्रयास किया था। ट्रायल के बाद एडिशनल सेशंस जज पीकेटी राम ने बताया कि महिला की गवाही उसने दर्ज कराई शिकायत से अलग है। पुलिस को दिए बयान में उसने आरोप लगाया कि शादी के झूठे वादे पर शारीरिक संबंध बनाया गया था।

# किशोरी को बस में खींचकर शख्स ने दुष्कर्म किया

वडोदरा, १२ जनवरी।

संस्कारी नगरी वडोदरा फिर से कलंकित हो गई। शहर से संस्कारिता अब खत्म हो रहा है। महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार के मामले की वजह से शहर का संस्कार फिर से कलंकित हो गई है। फिलहाल में एक किशोरी पर दुष्कर्म के केस का मामला खत्म भी नहीं हुआ, वहां फिर एक बार दुष्कर्म की घटना हुई है। शहर के एक रास्ते पर तीन शख्स किशोरी को बस में खींचकर ले गये थे, और इसके साथ दुष्कर्म किया गया। हालांकि, शर्म की बात तो यह है कि, खुद पुलिस यह मामले में शिकायत दर्ज नहीं कर रही थी। पुलिसस चार दिन तक शिकायत दर्ज नहीं की थी और पीड़ित परिवार को पुलिस स्टेशन के चक्कर लगवाये थे। वडोदरा में और एक किशोरी पर दुष्कर्म की घटना सामने आई है। वडोदरा के न्यू वीआईपी रोड के पास यह घटना हुई है। जिसमें तीन शख्सों ने किशोरी को बस में खींचकर ले गये थे। जिसमें से एक युवक ने किशोरी पर दुष्कर्म किया था, जबकि दो युवकों ने बस के दरवाजे पर निगरानी रखी थी। इस तरह ट्रैफिक से चहलपहल वाले इस क्षेत्र में किशोरी पर दुष्कर्म किया गया। इस मामले में किशोरी के चाचा ने हरणी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत शिकायत दर्ज करके आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। लेकिन यह मामले को पुलिस नजरअंदाज कर रही थी। पुलिस ने शुरूआत में ४ दिन तक शिकायत दर्ज नहीं की थी। पीड़िता और इसके परिवार को पुलिस स्टेशन के चक्कर लगवाने पड़े य़ पीड़िता और इसके चाचा हरणी और वारिसया पुलिस स्टेशन के चक्कर लगाते रहे। लेकिन पुलिस ने इस घटना को गंभीर मानने पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह वडोदरा पुलिस के कामकाज पर फिर एक बार सवाल उठ गये है। इसके पहले भी वडोदरा पुलिस के कामकाज पर सवाल उठ गये हैं। जो बताता है कि संस्कारी नगरी में अब महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

### गुजरात में विवाह समेत सभी कार्यक्रमों में 150 से अधिक लोगों के शामिल होने पर प्रतिबंध

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए विवाह समारोह समेत सभी कार्यक्रमों में 150 से अधिक एकत्र नहीं हो सकेंगे। ऐसे कार्यक्रम में यदि बंद स्थलों पर होते हैं तो जगह की संख्या का 50 प्रतिशत, परंतु अधिकतम 150 लोगों के एकत्र होने की छूट होगी। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों के मुताबिक राज्य में तमाम प्रकार के राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आदि सार्वजनिक कार्यक्रमों और समारोहों में ज्यादा से ज्यादा 150 व्यक्तियों की क्षमता ही रहेगी। बन्द स्थलों पर आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के आयोजनों में स्थलों की संख्या का 50 फीसदी परंतु ज्यादा से ज्यादा 150 व्यक्तियों की सीमा में कार्यक्रम हो सकेंगे। राज्य में विवाह समारोहों के लिए खुले स्थलों के लिए भी व्यक्तियों की सीमा 150 रहेगी। ऐसे विवाह समारोहों का आयोजन बन्द स्थलों पर होगा तब भी अधिकतम संख्या का 50 फीसदी अर्थात अधिकतम 150 व्यक्ति ही शामिल रह सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण नियंत्रण के सन्दर्भ में जारी की गई गृह विभाग की मार्गदर्शिका के अन्य नियम भी आगामी 22 जनवरी 2022 सुबह 6:00 बजे तक अमल में रहेंगे।

### राजकोट के हरीपर रोड पर मृतक के बच्चे पर भी किया हमला

# पारिवारिक भाईयों ने ही पत्थर से कर दी भाई की हत्या

### जमीन को लेकर था विवाद और पुलिस ने कुछ घंटे में ही सुलझाई गुत्थी

राजकोट, १२ जनवरी।

राजकोट के सरधार के हरीपर रोड पर हत्या का एक और मामला सामने आया है, जिसमें मूल मध्यप्रदेश निवासी और पिछले २ सालों से सरधार में रहकर खेतमजदूरी करने वाले युवक की हत्या कर दी गई है।

२३ वर्षीय विरसिंह महोबतसिंह सिंगाल नामक युवक अपने बेटे के साथ साइकिल से जा रहा था तभी पारिवारिक भाईयों ने उसके साथ विवाद करने के बाद उसे पत्थर से मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं मृतक के साथ बेटे पर भी पत्थर से हमला कर उसे मारने का प्रयास किया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घायल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मामले की गुत्थी को कुछ ही घंटों में सुलझाते हुए दोनों हमलावर भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का शिकार हुए विरसिंह २ वर्षीय सचिन को साइकिल पर बैठाकर राजकोट में साले को मिलने आया था। लौटते समय उस पर हमला हुआ। इस मामले में अब पुलिस ने दोनों आरोपी भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की वारदात कबूल कर ली है। जमीन मुद्दे पर दो सालों से चल रहे विवाद के कारण घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल इस मामले में आजीडैम पुलिस आगे की जांच में लग गई है। पुलिस ने वीरसिंह की जेब से बरामद आधारकार्ड से उसकी शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने उसकी पत्नी जानूबेन को इसकी खबर दे दी। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच की तो स्पष्ट हुआ कि हत्या पारिवारिक भाई कमलसिंह उर्फ कमलेश, गुलाबसिंह मेथुर शिंगाल और रमलेश उर्फ रमेश शंकर मेथुर शिंगाल ने ही की है। आरोपी कमलेश का अपने चाचा के बेटे वीरसिंह के साथ दो साल पहले से अपने वतन की जमीन के मुद्दे पर विवाद चल रहा था। तीन दिन पहले दोनों के बीच भी विवाद हुआ था जिसकी रंजिश रखकर कमलेश की हत्या को अंजाम दिया गया।

### मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल ने गुजरात विधानसभा पोडियम में विवेकानन्दजी के तैलचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर भाववंदना की

मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल ने आर्षदृष्टा युगपुरुष स्वामी विवेकानन्दजी की 159 वीं जन्म जयंती पर गुजरात विधानसभा पोडियम में विवेकानन्दजी के तैलचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर भाववंदना की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. नीमाबेन आचार्य, राज्य मंत्रिमंडल के सहयोगी मंत्री, पूर्व मंत्री, कई विधायक, विधानसभा सचिवालय के कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी विवेकानन्दजी को भावांजलि अर्पित की।

## अहमदाबाद-मुंबई तेजस एक्सप्रेस अब सप्ताह में केवल 3 दिन चलेगी

अहमदाबाद (ईएमएस) महाराष्ट्र और गुजरात दोनों राज्यों में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए ट्रेन संख्या 82902/82901 अहमदाबाद-मुंबई-अहमदाबाद तेजस एक्सप्रेस को सप्ताह में 5 दिन से घटाकर सप्ताह में 3 दिन 12.01.2022 (12वीं सम्मिलित) से 10.2.2022 कर दिया गया है (ट्रेन प्रत्येक सप्ताह बुधवार और सोमवार को संचालित नहीं होगी) उक्त अवधि)। हालांकि, हमारे यात्रियों को सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए, इस अवधि के दौरान ट्रेन शुक्रवार, शनिवार और रविवार को चलती रहेगी। इस अवधि के दौरान परिचालन तिथियां निम्नानुसार होंगीः

जनवरी -14,15,16, 21, 22, 23, 28, 29,30 और फरवरी- 4,5,6

ट्रेन 11.02.2022 से वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार सप्ताह में सभी 5 दिन चलती रहेगी। जैसा कि स्थिति तरल है, घटनाक्रम की बारीकी से निगरानी की जा रही है और मौजूदा स्थिति के आधार पर दोनों राज्यों के मौजूदा कोविड दिशानिर्देशों का पालन करते हुए यात्रियों के हित में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए और असुविधा को कम करने के लिए, अहमदाबाद मुंबई अहमदाबाद तेजस एक्सप्रेस की सेवा उपरोक्त अवधि के दौरान सप्ताहांत के 3 दिनों में जारी रहेगी, जिसमें पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा सावधानियों और ट्रेन यात्रा के दौरान मास्क, सेनेटाइजर आदि की व्यवस्था और यात्री सामान की आवधिक स्वच्छता जैसे निर्धारित कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। रद्द की गई ट्रेनों के सभी यात्रियों को आईआरसीटीसी बैक-एंड टीम द्वारा एक सिस्टम इनवॉइस एसएमएस और ईमेल भेजा जा रहा है। इसके अलावा, उन्हें व्यक्तिगत रूप से टेलीफोन पर भी सूचित किया जा रहा है।

## राजकोट मंडल से होकर जानेवाली 3 जोड़ी ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा राजकोट मंडल से होकर जानी वाली 3 जोड़ी ट्रेनों में अस्थायी तौर पर अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम श्री अभिनव जेफ के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1.ट्रेन नम्बर 22946/22945 ओखा-मुंबई सेंट्रल-ओखा सौराष्ट्र मेल में एक अतिरिक्त सेकंड एसी कोच 18.01.2022 से लेकर 17.02.2022 तक तथा मुंबई सेंट्रल से 15.01.2022 से 14.02.2022 तक लगाया जाएगा।

2. ट्रेन नम्बर 19251/19252 सोमनाथ-ओखा-सोमनाथ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकंड एसी कोच सोमनाथ से 17.01.2022 से 16.02.2022 तक तथा ओखा से 16.01.2022 से 15.02.2022 तक लगाया जाएगा।

3. ट्रेन नम्बर 19218/19217 वेरवाल-बांद्रा सौराष्ट्र जनता एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच वेरावल से 19.01.2022 से 02.02.2022 तक (22.01.2022, 23.01.2022 एवं 01.02.2022 को छोड़कर) तथा बांद्रा से 18.01.2022 से 01.02.2022 तक (21.01.2022, 22.01.2022, 26.01.2022 एवं 31.01.2022 को छोड़कर) लगाया जाएगा।

## नवीनतम सरफेस प्रो X से मिलने का समय अब है

नई दिल्लीफ, 11 जनवरी, 2022: माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने अपने नवीनतम सरफेस प्रो X (वाइ-फाइ सहित) को आज से अधिकृत रीसैलर्स, रिलायंस डिजिटल स्टो र्स और **reliancedigital.in** पर उपलब्धं कराने की घोषणा की है। विंडोज़ 11 को सर्वश्रेष्ठज तरीके से पेश करने के लिए खासतौर से तैयार यह नया मॉडल न सिर्फ सबसे पतला है बल्कि सर्वाधिक किफायती 13-इंच सरफेस डिवाइस भी है जिसमें उपयोगिता, कुशलता और कनेक्टिविटी का संगम है।

भास्कसर बसु, कंट्री हैड – डिवाइसेज़ (सरफेस), माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने कहा, ''हम नए सरफेस प्रो ` साथ, जिसमें बिल्टै-इन वाइ-फाइ है, माइक्रोसॉफ्ट डिवाइसेज़ के अपने पोर्टफोलियो में विस्तामर के लिए तैयार हैं। इस नए मॉडल का थिन, स्ली-क डिजाइन प्रों के अनुरूप है और साथ ही, दिनभर साथ देने वाली बैटरी लाइफ तथा बेहद किफायती एंट्री प्राइस प्वाइइंट, हमारे ग्राहकों के लिए इसे बेहद आसान विकल्पा बनाता है।''

सरफेस प्रो X का वज़न है मात्र 774 ग्राम जो इसे सबसे थिन और सर्वाधिक लाइटवेट प्रो डिवाइस बनाता है। इसमें है कस्टतम-बिल्टइ माइक्रोप्रोसेसर जो तेज़, 8-कोर परफॉर्मेंस देता है। साथ ही, यह डिवाइस तेज रुफ्तार कनेक्टिविटी, लंबी बैटरी लाइफ और अल्ट्रो-क्वापइट परफॉर्मेंस के अनुरूप है।

### श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी ने इंटरनेशनल बॉन्ड मार्केट्स के सोशल बॉन्ड्स के जरिए 475 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए

मुंबई, जनवरी 11, 2021: भारत की सबसे बड़ी एसेट फाइनेंसिंग कंपनी श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी (एसटीएफसी), जो श्रीराम ग्रुप का हिस्सा है, ने 4.15ङ की ब्याज दर पर 3.5- वर्ष की अवधि के लिए 4.75 मिलियन यू एस डी डॉलर की फिक्स्ड रेट सीनियर सेक्योर्ड 144ए/रेग एस बांड जुटाए है. यह ईसीबी दिशानिर्देशों में छूट के बाद से कंपनी द्वारा 7वां सफल यूएसडी बांड जारी हुआ है. एसटीएफसी सोशल बांड से प्राप्त आय का उपयोग सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) वित्तपोषण सहित रोजगार सृजन के लिए किया जाएगा.

एसटीएफसी का सोशल बांड जारी करना एसटीएफसी के सामाजिक वित्त ढांचे द्वारा निर्देशित है, जो आईसीएमए सोशल बांड सिद्धांतों के अनुरूप है. एसटीएफसी ने सोशल बॉन्ड फ्रेमवर्क को ठविश्वसनीय और प्रभावशालीठ बताते हुए और केपीएमजी से एक इंडिपेंडेंट लिमिटेड एश्योरेंस रिपोर्ट का वर्णन करते हुए सस्टेनलिटिक्स से दूसरे पक्ष की राय प्राप्त की है.

### कैलिफोर्निया वॉलनट्स के गुणों से भरपूर व्यंजनों के साथ मनायें 'मकर संक्रांति' का त्यौहार

त्यौहार के अपने उत्साह को बनायें रखें, क्योंकि साल का पहला त्यौहार आ चुका है। पूरे भारत भर में मनायी जाने वाली मकर संक्रांति, सर्दियों के दक्षिणायन का अंत होता है और दिन के बड़े होने की शुरूआत होती है। रंग-बिरंगी सजावट, संगीत, पतंगबाजी, बोनफायर और व्यंजनों के लिये मशहूर यह त्यौहार दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ मनाया जाता है। भारत के ज्यादातर हिस्सों में, यह समय फसलों के चक्र का शुरूआती चरण होता है, जहां फसलें बोई जाती हैं और खेतों में मेहनत का काम लगभग खत्म हो चुका होता है। इस प्रकार यह समय देश के हर हिस्से के लिये प्रिय व्यंजनों को सामाजिक बनाने और तैयार करने की अवधि का प्रतीक है।

आइये खुशियों और आंनद में कैलिफोर्निया वॉलनट्स का क्रंच मिलाते हैं, जोकि ओमेगा 3, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत होते हैं। यह एक विविधताभरा नट है, और इसके जैसा कोई और नहीं, वॉलनट किसी भी डिश का स्वाद और टेक्सचर बेहतर बना देता है और इसे किसी भी रूप में खाया जा सकता है।

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/95